journeyofsucces@gmail.com | गाजियाबाद से प्रकाशित एवं दिल्ली, लखनऊ, हापुड़, मेरठ, नोएडा, बुलंदशहर, शामली, बड़ौत, बागपत में प्रसारित

# दैनिक जर्नी ऑफ सक्सैस

खबरें छपेंगी, छुपेंगी नहीं... जोश सच का...




वर्ष: 12 | अंक: 154 | गाजियाबाद, शनिवार, 11 अक्टूबर-2025 | RNI. No. UPHIN/2013/53934 | पेज-8 | मूल्य : ₹3







## भाजपा पार्षद ही कई मोर्चों पर निभा रहे हैं विपक्ष की भूमिका



गाजियाबाद को भाजपा का गढ कहा जाता है। खासतौर पर नगर निगम में भाजपा का ही बहुमत रहा है। गाजियाबाद नगर निगम के इतिहास में अब तक भाजपा का ही मेयर चुना जाता रहा है। पिछले दो विधानसभा चुनावों में भाजपा लगातार जनपद की सभी विधानसभाओं पर अपना परचम लहराती रही है। गाजियाबाद में सासंद, सभी विधायक, कैबिनेट मंत्री व एक राज्यमंत्री सहित दो एमएलसी, जिला पंचायत अध्यक्ष, मेयर, सब भाजपा के होने के बावजूद स्थानीय स्तर पर पार्टी में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। गाजियाबाद की जनता ने भले ही चुनावो में भाजपा के पक्ष में मतदान करके उन्हें सत्तासीन किया, लेकिन अब न तो आम जनता सत्तारुढ दल से खुश है और न ही तमाम भाजपा के ही कार्यकर्ता अपने वरिष्ठ नेताओं के फैसले से संतुष्ट हैं। इतना ही नहीं भाजपा जो खुद को बहुत अनुशासन वाली पार्टी होने का दावा करती है, उसी के नेताओं में सबसे ज्यादा अनुशासनहीनता व मनमनी देखने को मिल रही है। विशेषकर शहर की सरकार यानी नगर निगम के संदर्भ में तो यह बात बिलकुल फिट बैठती है। सत्तारुढ भाजपा के करीब तीन दर्जन पार्षद पहले ही नगर निगम द्वारा बढाये गये हाउस टैक्स के खिलाफ मोर्चा खोले बैठे हैं। इतना ही नहीं भाजपा के चार पूर्व पार्षद राजेन्द्र त्यागी, हिमांशु मित्तल, अनिल स्वामी व हिमांशु लव ने तो हाऊस टैक्स वृद्धि मामले में नगर निगम को उच्च न्यायालय तक में घसीट दिया है। अभी यह मामला उच्च न्यायालय में विचाराधीन है, लेकिन कुछ भाजपा पार्षद व स्थानीय व्यापारिक संगठन व अन्य संस्थाओं के पदाधिकारी बीच-बीच में हाउस टैक्स मामले को हवा देने के लिए इसका विरोध करते रहते हैं। जून से लेकर अब तक नगर निगम को हाउस टैक्स वृद्धि मामले में कठघरे में खड़ा किया जाता रहा है। अभी तक यह मामला जस का तस है और नगर निगम के लिए जी का जंजाल बना हुआ है। इसी बीच अब भाजपा पार्षदों ने जीडीए को घेरने का मन बना लिया है। शुक्रवार को भाजपा के तीन पार्षद हिमांशु शर्मा, यशपाल पहलवान और राहुल शर्मा ने बाकायदा प्रेस वार्ता करके जीडीए की कार्यशैली पर प्रश्न उठाते हुए प्राधिकरण में भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया है। इन पार्षदों को कहना है कि जीडीए के प्रवर्तन विभाग द्वारा लगभग हर दिन अवैध कालोनियों व निमार्णो के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाती है। ऐसा करके जीडीए वाहवाही लूटना चाहता है। हमारा सवाल है कि जिन अधिकारियों पर प्राधिकरण क्षेत्र मे अवैध निमार्णो को रोकने का जिम्मा है, उन पर कार्रवाई क्यों नहीं की जाती। हमारी मांग है कि अवैध निमार्णो के खिलाफ प्राधिकरण ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करे, लेकिन इससे पहले वह उन अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई करे, जिन्होंने अवैध निर्माण होने से रोकने के अपने कर्तव्य का पालन नही किया। आखिर कोई भी व्यक्ति बिना प्राधिकरण के अधिकारियों से मिली भगत के बिना कैसे कोई अवैध निर्माण कर लेता है। इन पार्षदों का कहना है कि प्राधिकरण के ही अधिकारी मोटा पैसा लेकर अवैध निर्माण कराते हैं और बाद में और उगाही के लिए ध्वस्तीकरण की कार्रवाई का दिखावा करते हैं। आखिर ये सब कब तक चलेगा। उन्होंने कहा कि अब वे प्राधिकरण में होने वाले भ्रष्टाचार को और नहीं पनपने देंगे। वे भ्रष्ट अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर हर स्तर से लड़ाई लड़ने का मन बना चुके हैं। ऐसे में ये कहना गलत नहीं होगा कि भाजपा पार्षद अपनी ही सरकार में अपने ही अधिकारी तंत्र के खिलाफ मोर्चा खोलकर विपक्ष की भूमिका अदा कर रहे हैं। वहीं विपक्ष के पार्षद जन मुद्दों से दूरियां बनाये हुए दिखते हैं। हां कुछ पार्षद विपक्ष के भी हैं जिनमें पार्षद पति पवन गौतम, पूर्व पार्षद जाकिर अली भी जन मुद्दों को लेकर संघर्षरत रहते हैं लेकिन इन दिनों इन्होंने भी सिस्टम के सामने खुद को सरेंडर कर दिया है।

# भोजपुर में सवा छह करोड़ के अवैध पटाखे बरामद, तीन गिरफ्तार

● जर्नी ऑफ सक्सैस

**छापेमारी**

- गोल्डन ट्रेडिंग कंपनी के दो गोदामों पर छापा

**गाजियाबाद।** एनसीआर के इतिहास में संभवतः सबसे बड़ी आतिशबाजी की रिकवरी कमिश्नरेट के नाम हो गई। एसडीएम व एसीपी मोदीनगर की टीम ने भोजपुर थाना क्षेत्र में गोल्डन ट्रेडिंग कंपनी के दो गोदामों पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान पुलिस व प्रशासन की टीम को लगभग सवा छह करोड़ रुपये की 3.44 लाख किलो आतिशबाजी बरामद करते हुए ट्रेडिंग एजेंसी संचालक समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

डीसीपी देहात सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि शुक्रवार को उपजिलाधिकारी मोदीनगर एवं सहायक पुलिस आयुक्त मोदीनगर के निर्देशन में थाना भोजपुर पुलिस टीम ने भोजपुर थाना क्षेत्र स्थित भोजपुर के खसरा नंबर 673/684/687 पर स्थित गोल्डन ट्रेडिंग एजेंसी पर छापेमारी की गई। छापामार कार्रवाई के दौरान पता चला कि गोल्डन ट्रेडिंग एजेंसी द्वारा दो बड़े बड़े गोदामों में अवैध रूप से पटाखे व आतिशबाजी का भंडारण एवं विक्रय किया जा रहा था। इस दौरान मौके से लगभग 3 लाख 44 हजार किलोग्राम (अनुमानित कीमत करीब 6.25 करोड) की आतिशबाजी बरामद हुई



है। पुलिस-प्रशासन की छापेमारी के दौरान दोनों ही गोदानों को मौके पर ही सील किया गया व मौके से तीन व्यक्तियों सौरभ सिंघल निवासी न्यू आलोक मेरठ रोड हापुड, धर्मवीर निवासी जशलोकनगर कालोनी हापुड व अमित कुमार निवासी मोदीनगर रोड हरद्वारी नगर थाना कोतवाली हापुड को हिरासत में ले लिया गया। डीसीपी देहात ने बताया कि इस संबंध में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### एडिशनल सीपी ने दिये थे भंडारण नहीं करने के निर्देश

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अपराध व कानून व्यवस्था आलोक प्रियदर्शी ने जनपद में धारा 163 बीएनएसएस के तहत 25 अगस्त को आदेश जारी किये थे। उक्त आदेश के अनुसार 26 अगस्त से 24 अक्तूबर तक धारा 163 बीएनएसएस लागू करने के आदेश पारित किये गये थे। इस दौरान कमिश्नरेट क्षेत्र में पटाखा आदि के उत्पादन, बिक्री व भंडारण पर प्रतिबंध लगाया गया था। इस संबंध में गोल्डन ट्रेडिग एजेन्सी के मालिक को धारा 163 बीएनएसएस का नोटिस तामील कराया गया था।

## सोशल मीडिया पर बोर्ड बैठक की मिनिटस हुई वायरल

### नगर निगम बोर्ड बैठक में हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव हुआ था निरस्त

● जर्नी ऑफ सक्सैस

**गाजियाबाद।** जून माह में हुई नगर निगम की बोर्ड बैठक की मिनिटस शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वायरल कर दी गई। सोशल मीडिया पर वायरल हुई मिनिटस की कॉपी में साफ साफ शब्दों में बढ़ाई गई दरों संबंधी प्रस्ताव को निरस्त किया गया है। साथ ही मिनिटस में लिखा हुआ है कि प्रशासनिक असहमति के बाद भी सदन ने सर्वसहमति से सम्पत्ति कर की दरों में वृद्धि के प्रस्ताव को निरस्त किया गया है। अब जब मिनिटस की कॉपी वायरल हो गई है और खुद निगम अधिकारियों ने मिनिटस तैयार करके मेयर सुनीता दयाल को दे दी हैं तो फिर क्यों हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी पर स्थिति को स्पष्ट नहीं किया जा रहा है।

बता दें कि 30 जून को बढ़ाई गई हाउस टैक्स की दरों को लेकर बोर्ड बैठक आयोजित की गई थी। बोर्ड बैठक में हाउस टैक्स की बढ़ी दरो को लेकर खूब हंगामा हुआ था और प्रशासनिक सहमति के बावजूद सदन सदस्यों ने हाउस टैक्स के प्रस्ताव को निरस्त कर दिया था। बोर्ड बैठक के मिनिटस को लेकर निगम पार्षदों ने जुलाई माह में धरना प्रदर्शन किया था और उसके बाद नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने मिनिटस की कॉफी देने का आश्वासन दिया था और उसके बाद मेयर सुनीता दयाल को डाक के माध्यम से मिनिटस की कॉपी उपलब्ध करा दी गई।

**नहीं बढ़ा है और ना ही बढ़ने दूंगी हाउस टैक्स, नये सिरे से दरें होगी लागू: सुनीता दयाल**



महापौर सुनीता दयाल ने कहा है कि मिनिटस की कॉपी नगर निगम की तरफ से उन्हें उपलब्ध करा दी गई हैं। मिनिटस में साफ साफ इंगित किया गया है कि हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के प्रस्ताव को निरस्त कर दिया गया है। प्रशासनिक असहमति के बाद भी निरस्त किया गया। हाउस टैक्स ना बढ़ा था और ना ही बढ़ने दिया जायेगा। दोबारा से हाउस टैक्स की दरों को संशोधित करते हुए लागू कराया जायेगा। बहारी व्यक्तियों के दखल को बर्दास्त नहीं किया जायेगा।

## डीसीपी ने परेड के बाद डायल-112 व पुलिस लाइन का किया निरीक्षण



● जर्नी ऑफ सक्सैस



**परेड**

- शुक्रवार को साप्ताहिक परेड के दौरान निमिष पाटील ने ली सलामी

**गाजियाबाद।** शुक्रवार को साप्ताहिक परेड के दौरान डीसीपी निमिष पाटील ने परेड की सलामी ली और फिर परेड के निरीक्षण के बाद डायल-112 व पुलिस लाईन का निरीक्षण किया। इस दौरान डीसीपी ने अधीनस्थों को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिये। डीसीपी लाईन व डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटील ने बताया कि शुक्रवार को उन्होंने पुलिस लाईन स्थित परेड ग्राउंड में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ली। इस दौरान परेड का निरीक्षण करने के बाद आपात सेवा डायल 112 व पुलिस लाइन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डीसीपी ने अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

## दिवाली पर रंग बिरंगी लाइटों से रोशन होगा शहर

### अंधेरे वाले स्थान को चिन्हित करते हुए प्रकाश व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें अधिकारी

● जर्नी ऑफ सक्सैस





**नगर आयुक्त ने दिए निर्देश**

- स्वच्छता और सुंदरता का त्यौहार है दीपावली, व्यापारियों का मिलता है विशेष सहयोग: नगर आयुक्त
- निगम सजाएगा प्रमुख मार्ग, गेट और चौराहे

**गाजियाबाद।** नगर निगम दीपावली महापर्व पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शहर को रंग बिरंगी लाइटों से सजाने की योजना बना रहा है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा वरिष्ठ प्रभारी प्रकाश जंग बहादुर यादव अपर नगर आयुक्त को तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए तथा ऐसी स्थान जहां पर अंधेरा है वहां निरीक्षण करते हुए प्रकाश व्यवस्था करने के लिए भी कहा गया।

सूरज ढलने के बाद मुख्य मार्गो के साथ-साथ आंतरिक वार्डों में भी निरीक्षण करते हुए ऐसे स्थान जहां पर अंधेरा है वहां लाइट लगाते हुए प्रकाश व्यवस्था करना सुनिश्चित करने के लिए टीम को निर्देश दिए गए। साथ ही नगर आयुक्त द्वारा प्रकाश विभाग टीम को शहर को सजाने के लिए भी निर्देशित किया गया। वरिष्ठ प्रभारी प्रकाश जंग बहादुर यादव अपर नगर आयुक्त द्वारा बताया गया पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी महापौर व नगर आयुक्त के निर्देश के क्रम में शहर को रंग बिरंगी लाइटों से सजाया जाएगा जिसमें विशेष रूप से प्रमुख मार्ग अंबेडकर रोड, ठाकुरद्वारा रोड, कलेक्ट्रेट के सामने का रोड, तथा अन्य मार्गों को लाइट लगाते हुए सजाया जाएगा। जिसमें रंग बिरंगी लड़ियां भी लगाई जाएगी, प्रमुख चौराहों में दुर्गा भाभी चौक मोहन नगर चौक, हिंडन एयरपोर्ट चौक, अटल चौक वसुंधरा, महावीर चौक इंदिरापुरम, होली चाइल्ड नेहरू नगर चौक, हापुर चुंगी चौराहा, प्रताप विहार चौक तथा अन्य चौराहों को लाइटिंग से सजाया जाएगा। इसके अलावा निगम मुख्यालय व समस्त जोनल कार्यालय भी बेहतर तरीके से लाइटों के माध्यम से सजाए जाएंगे। प्रभारी प्रकाश आश कुमार द्वारा बताया गया कि ऐसे स्थान जहां पर अंधेरा पाया जा रहा है या अंधेर की शिकायत प्राप्त हो रही है। वहां तत्काल कार्यवाही करते हुए लाइट लगवाते हुए प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। आंतरिक वार्डो में भी विशेष रूप से प्रकाश विभाग द्वारा कार्यवाही रोस्टर के क्रम में की जा रही है। शहर वासियों से स्वच्छता और सुंदरता की अपील करते हुए गाजियाबाद नगर आयुक्त द्वारा व्यापारियों को महापर्व दिवाली के उपलक्ष में शहर की स्वच्छता सुंदरता में अहम भूमिका निभाने वाला सहयोगी बताया गया। बजारो की सुंदरता बहुत ही आकर्षक होती है। जिसमें व्यापारी वर्ग का विशेष सहयोग रहता है यहां तक की गाजियाबाद के व्यापारी वर्ग सुंदरता के साथ-साथ शहर की स्वच्छता में भी महापर्व दीपावली पर विशेष सहयोग करते हैं जो की सराहनीय हैं।

महापौर सुनीता दयाल के निर्देश के क्रम में प्रकाश विभाग गाजियाबाद नगर निगम प्रमुख चौराहा प्रमुख मार्गों के साथ-साथ गाजियाबाद के प्रमुख गेटों को भी सजाने की योजना बना रहा है। जिसमें डासना गेट, दिल्ली गेट, जवाहर गेट, सिहानी गेट को सजाया जाएगा।

# बीमा कंपनियों का प्रतिनिधि बन पॉलिसी बेचने के नाम पर ठगने वाले दो गिरफ्तार

## अन्तरराज्यीय गैंग के सदस्य हैं पकड़े गए आरोपी, मोबाइल फोन बरामद

● जर्नी ऑफ सक्सैस

**गाजियाबाद।** विभिन्न बीमा कंपनियों का प्रतिनिधि बनकर कॉल करके बीमा पॉलिसी बेचने के नाम पर साइबर फ्रॉड कर कूटरचित पालिसी बनाकर साइबर फ्रॉड करने वाले अन्तर्राज्यीय गैंग के दो शातिर ठगों को थाना साइबर क्राइम टीम ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से ठगी की घटनाओं में प्रयुक्त एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है। गिरफ्तार आरोपियों से ठगी की घटनाओं को लेकर पूछताछ की जा रही है।

एडीसीपी क्राइम पियूष सिंह ने बताया कि पूछताछ के दौरान निशान्त त्यागी उर्फ काकू त्यागी ने बताया कि वो वर्ष 2021 में नोएडा में नौकरी करता था, उस कंपनी में विभिन्न बीमा




पॉलिसी कंपनी रिलायंस, भारती हेक्सा, सिगना टीटीके, एचडीएफसी तथा बजाज की जीवन बीमा पॉलिसी तथा हेल्थ बीमा पॉलिसी का अधिकृत ग्राहक सेवा केन्द्र था, जिसमें इन बीमा पॉलिसी कंपनियों के जीवन बीमा तथा हेल्थ बीमा पॉलिसी के धारकों को पॉलिसी से संबंधित जानकारी दी जाती थी। इसी दौरान उसकी जान-पहचान अमन अग्रवाल से हुई थी। वो अनुज कुमार, अमन अग्रवाल, राहुल शर्मा, आफताब, दीपक, जगजीत तथा गर्वित त्यागी तथा अन्य साथियों के साथ मिलकर बीमा पॉलिसी कंपनियों का ग्राहक सेवा अधिकारी बनकर, बीमा पॉलिसियों के पॉलिसीधारकों के फोन पर बीमा पॉलिसियों को रिन्यू तथा बीमा पॉलिसी में अधिक लाभों का झूठा लालच देकर फर्जी पॉलिसी की रसीद उन्हें भेजकर पैसे अपने खातों में ट्रांसफर कराकर लोगों को ठगते है। दूसरा आरोपी निशान्त त्यागी इसी तरह के अपराध में अहमदाबाद के एक व्यक्ति के साथ धोखाधड़ी के मामले में थाना मधुबन बापूधाम से जेल चला गया था। जेल से छूटकर आने के बाद फिर से इसी अपराध में अपने साथियों के साथ लग गया था।

**ठगी**

- एक आरोपी पहले बीमा कंपनियों में कर चुका है काम

### खाते उलपब्ध कराने वाले विलास, गणेश व भूपेश की तलाश जारी



एडीसीपी क्राइम पियूष सिंह ने बताया कि पॉलिसी के नाम पर फ्रॉड का पैसा ट्रांसफर कराने के लिए विलास, गणेश तथा भूपेश बैंक खाते उपलब्ध कराते थे। पॉलिसीधारक इनके द्वारा दिये गये खातों में बीमा पॉलिसी का पैसा ट्रांसफर कर देते थे। इन खातों से यह लोग एटीएम के माध्यम से पैसे निकाल लेते थे। इसके बाद यह लोग पॉलिसीधारक को बीमा पॉलिसियों के प्रीमियम की फर्जी व कूटरचित रसीद बनाकर व्हाट्सअप पर उपलब्ध कराते थे। पॉलिसी के नाम पर फ्रॉड का पैसा ट्रांसफर के लिए खाते उपलब्ध कराने वाले विलास, गणेश तथा भूपेश की तलाश की जा रही है। एडीसीपी क्राइम पियूष सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों में निशान्त त्यागी उर्फ काकू त्यागी एवं अनुज कुमार शामिल हैं। दोनों को नंदग्राम थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। एडीसीपी क्राइम ने बताया कि उपरोक्त गैंग के सदस्य अमन अग्रवाल, राहुल यादव, आफताब आलम, राहुल शर्मा, दीपक, गर्वित त्यागी तथा जगजीत सिंह को पूर्व में 26 जून को गिरफ्तार किया जा चुका है। उपरोक्त लोगों से 4.5 करोड़ रुपये की साइबर ठगी की 4 राज्यों की 9 घटनाओं का खुलासा करते हुए 26 मोबाइल फोन, 6 चेकबुक, 3 पासबुक, 14 एटीएम कार्ड, 4 सिम कार्ड, महिन्द्रा थार तथा एक्सयूवी 300 कार बरामद की जा चुकी है।

## पीसीएस की परीक्षा के चलते रविवार को नमो भारत सेवाएं सुबह 6 बजे से शुरूहोंगी



● जर्नी ऑफ सक्सैस

**गाजियाबाद/मेरठ।** 12 अक्टूबर, रविवार को होने वाली उत्तर प्रदेश की प्रांतीय सिविल सेवाएं (यूपीपीसीएस) की प्रारंभिक परीक्षा को ध्यान में रखते हुए नमो भारत की सेवाएं दो घंटे पहले ही शुरू करने का निर्णय लिया गया है, ताकि परीक्षार्थियों को परेशानी न हो। नमो भारत सेवा प्रबंधन के मुताबिक रविवार को नमो भारत ट्रेन न्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ के बीच संचालित होने वाली नमो भारत सेवाएं सुबह 8 बजे के बजाय रविवार को सुबह 6 बजे से शुरू होंगी और रात 10 बजे तक उपलब्ध रहेंगी। नमो भारत सेवाएं दो घंटे पहले शुरू करने का निर्णय पीसीएस की परीक्षा देने आने वाले परीथार्थियों को आवागमन की सुविधा को ध्यान रखकर लिया गया है।

# 78वें वार्षिक निरंकारी संत समागम की तैयारियां जोरो पर

● जर्नी ऑफ सक्सैस



**दिल्ली।** संत निरंकारी मिशन का 78वां वार्षिक संत समागम, पूर्ववर्ती वर्षों की दिव्यता और गरिमा के अनुरूप, इस वर्ष भी 31 अक्टूबर से 3 नवम्बर, 2025 तक समालखा (हरियाणा) स्थित संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल पर अत्यंत भव्यता, श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास के साथ आयोजित होने जा रहा है। यह दिव्य आयोजन सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन सान्निध्य में संपन्न होगा, जिसकी शुभ सूचना ने समस्त श्रद्धालु भक्तों के हृदयों में अपार हर्ष और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार कर दिया है।

आत्ममंथन विषय पर आधारित इस वर्ष का वार्षिक संत समागम अपने आप में एक अद्भुत एवं अनुपम आध्यात्मिक यात्रा है, जहां श्रद्धालु ब्रह्मज्ञान की आंतरिक ज्योति में सेवा, सिमरन और सत्संग करते हुए आनंद और प्रेमाभक्ति का अनुभव प्राप्त करेंगे।

इस दिव्य उत्सव की तैयारियाँ अत्यंत श्रद्धा, लगन एवं निःस्वार्थ भावना से की जा रही हैं। श्रद्धालु भक्त, चाहे वे वृद्ध हों या युवा, पुरुष हों या महिलाएं, हर पृष्ठभूमि के भक्त सेवा में पूर्ण रूप से रत हैं। प्रातः काल की प्रथम किरण से लेकर संध्या के अंतिम प्रकाश तक, हर ओर भक्ति भाव से समर्पित सेवा का अपूर्व आलोक दिखाई देता है।

कोई मिट्टी के तसले ढो रहा है, कोई शामियाने गाड़ रहा है, तो कोई सफाई, जल प्रबंधन या भोजन व्यवस्था में जुटा है। 78वें वार्षिक संत समागम की भव्यता को प्रकट करता हुआ मुख्य गेट भी आकार लेने लगा है - एक ऐसा प्रवेश-द्वार, जो प्रेम, समरसता और आत्मिक एकत्व की यात्रा का प्रतीक बनेगा। यह सब कुछ समर्पण की उस भावना का प्रमाण है, जो सतगुरु के ज्ञान से उत्पन्न होती है। जिस प्रकार कहा भी गया है कि हजारों सेवा में समर्पण जुड़ जाता है, वहीं हर क्षण उत्सव बन जाता है। सेवा भाव की गरिमा को देखकर यह स्पष्ट हो जाता है कि इन सेवकों के मुखमंडलों पर कोई थकान नहीं, अपितु आनंद और उल्लास की आभा झलक रही है। यह वही दिव्य आनंद है, जिसे केवल सतगुरु की छत्रछाया में रहकर, सेवा और भक्ति के माध्यम से अनुभव किया जा सकता है। सतगुरु माता जी भी अपने प्रवचनों में बारंबार यही प्रेरणा देती हैं कि ब्रह्मज्ञान पवित्र सेवा किये, धन पवित्र दिये दान, मन पवित्र हरि भजन सों, त्रिविध होई कल्याण। देश के कोने-कोने से ही नहीं, अपितु विदेशों से भी लाखों श्रद्धालु भक्त इस संत समागम में सम्मिलित होने के लिए पधारते हैं। उनके स्वागत एवं सुविधाओं हेतु सभी आवश्यक प्रबंध अत्यंत सुचारू रूप से किए जा रहे हैं। रेलवे स्टेशन, बस अड्डों और हवाई अड्डों पर निरंकारी सेवादल के अनुशासित, मर्यादित एवं सुसज्जित सेवादार अपनी नीली और खाकी वर्दियों में श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन करते हुए उन्हें उनके निर्धारित निवास स्थलों तक ससम्मान पहुँचाने हेतु सतत तत्पर रहेंगे। निसंदेह यह समागम केवल एक साधारण आयोजन नहीं, अपितु मानवता के उत्थान और समरसता के जागरण का एक अनुपम पर्व है, जहाँ विविध संस्कृतियाँ, भाषाओं और परिवेशों से आए श्रद्धालु भक्त वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को आत्मसात करते हुए, सतगुरु की अमृतवाणी से अपनी अंतरात्मा को जागृत करते हैं। इस पावन अवसर पर हर उस सज्जन, भाई व बहन का हृदय से स्वागत है, जो प्रेम, शांति, समरसता के इस दिव्य महायज्ञ का हिस्सा बनना चाहता है।

# विधायक नन्दकिशोर गुर्जर ने किया प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन



● जर्नी ऑफ सक्सैस

**गाजियाबाद।** जिला समन्वयक ने अवगत कराया कि उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में (एसएसडीएफ) योजनान्तर्गत निजी प्रशिक्षण प्रदाता जीवन ज्योति ग्रुप ऑफ इंस्टेट्यूट फॉर टेक्नो एण्ड इन्फोसोल्यूशन प्रा०लि० को अल्पकालीन कौशल प्रशिक्षण संचालित किये जाने के लिए सेक्टर फूड प्रोसेसिंग में मिशन मुख्यालय, लखनऊ द्वारा प्राप्त लक्ष्य के अनुसार प्रशिक्षण केन्द्र, 216/1, गिरी मार्किट, कमला देवी हॉस्पिटल, लोनी का



उद्घाटन विधायक नन्द किशोर गुर्जर द्वारा फीता काटकर किया गया।

# मंदिर में पौधारोपण करने गए व्यक्ति से गाली-गलौज कर दी धमकी

**गाजियाबाद (जर्नी ऑफ सक्सैस)।** विजयनगर थाना क्षेत्र के मईई निवासी व्यक्ति ने चार लोगों पर गाली-गलौज करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। घटना के दौरान पीड़ित प्रधानमंत्री के जन्मदिन के मौके पर सुबह के समय मंदिर में पौधारोपण करने गया था। पीड़ित ने पुलिस से मामले की शिकायत की है। मईई विजयनगर निवासी रामअवतार शर्मा ने पास में ही रहने वाले राजपाल, पिंटू उर्फ गुरुदत, सुभाष पाल व नरोत्तम के खिलाफ विजयनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। रामअवतार शर्मा ने पुलिस को बताया कि 17 सितंबर की सुबह प्रधानमंत्री के जन्मदिन के मौके पर सुबह लगभग साढे आठ बजे वह मंदिर में पौधारोपण करने गए थे। इस दौरान उपरोक्त लोगों ने उनके साथ गाली-गलौज की और धक्के देकर भगा दिया। मंदिर में पौधारोपण करने की कोशिश करने पर आरोपितों ने जान से मारने की धमकी दी है। विजयनगर पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# Brief News

## बाइक ले उड़ा स्कूटी पर आया बदमाश

**गाजियाबाद (जर्नी ऑफ सक्सैस)।** महाराजपुर निवासी मोहम्मद शमीम ने इंदिरापुरम पुलिस को बताया कि 28 सितंबर को वह वेल्डिंग कराने गए थे। इस दौरान बाइक खड़ी की और चाबी उसमें लगी थी। शमीम किसी का काल आने पर बात करने लगे। तभी एक युवक साथी के साथ स्कूटी से आया और शमीम की बाइक पर बैठ गया। देखते ही देखते उसने बाइक स्टार्ट की और भागने लगा। शमीम ने उसे पकडने का प्रयास किया तो बदमाश ने उसे धक्का दे दिया। शमीम ने बताया कि छह महीने पहले ही उसने बाइक खरीदी थी। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपित की तलाश की जा रही है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**गाजियाबाद (जर्नी ऑफ सक्सैस)।** कविनगर थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर 23 संजयनगर में रहने वाले एक युवक को बाइक पर जाते समय तेज रफ्तार कार चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक के हाथ की हडडी टूट गई और शरीर में अंदरूनी चोटें भी लग गई। पीड़ित ने पुलिस से मामले की शिकायत की है। उत्सव त्यागी निवासी संजयनगर ने कविनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि छह अक्तूबर की रात लगभग साढे बारह बजे वह बाइक पर जा रहा था। इस दौरान जब वह जी-ब्लॉक चौराहे के पास पहुंचा, तभी तेज रफ्तार कार चालक ने उसे टक्कर मार दी। कार की टक्कर लगने से उसके बांए हाथ की हडडी टूट गई और कई जगह चोट लग गई। कविनगर पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## सरिये से किया हमला

**गाजियाबाद (जर्नी ऑफ सक्सैस)।** खोड़ा थानाक्षेत्र न्यू अजंता पार्क निवासी आकाश तिवारी ने बताया कि आठ अक्टूबर को राजवीर चौधरी, कैलाश सिंह और जगवीर चौधरी ने उन्हें और स्वजन को बुरी तरह से पीटा। इस दौरान उनके सिर पर सरिया से वार किया गया। मारपीट में उनके कान का पर्दा भी फट गया। बचाने आई उनकी मां को भी पीटा। इस दौरान उनकी मां के कान से सोने की बाली भी कहीं खो गई। आकाश का आरोप है कि आरोपित उन्हें काल पर भी जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## तेज रफ्तार कार की चपेट में आकर बुजुर्ग घायल

**गाजियाबाद (जर्नी ऑफ सक्सैस)।** दिल्ली के जगतपुरी एक्सटेंशन निवासी शोभा ने शालीमार गार्डन थाने में केस दर्ज कराते हुए बताया कि 22 सितंबर को उनके पिता रामजी लाल सुबह लगभग सवा चार बजे बाइक से नोएडा सेक्टर-2 से होकर घर लौट रहे थे। इस दौरान भारत पेट्रोल पंप ताहिरपुर के पास सामने से आ रही कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में उनके पिता का पैर टूट गया। उन्होंने कार नंबर देकर पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। शालीमार गार्डन पुलिस का कहना है कि कार नंबर के आधार पर चालक की तलाश की जा रही है।

## एक लाख की नकदी लेकर घर से गायब हो गई किशोरी

**गाजियाबाद (जर्नी ऑफ सक्सैस)।** साहिबाबाद थाना क्षेत्र निवासी व्यक्ति ने अपनी पुत्री के लापता होने के मामले में पुलिस से गुहार लगाई है। व्यक्ति का आरोप है कि आठ अक्टूबर की सुबह करीब तीन से साढ़े तीन बजे के बीच उनकी 16 वर्षीय पुत्री घर से चली गई। वह घर में रखे एक लाख रुपये भी अपने साथ ले गई। सुबह पता चलने पर किशोरी को स्वजन ने तलाश किया लेकिन पता नहीं चला। पुलिस ने मामला दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। एसीपी श्वेता यादव ने बताया कि शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और किशोरी की तलाश कराई जा रही है। किशोरी को जल्द ही बरामद कर लिया जाएगा।

## बैंक में नौकरी लगवाने के नाम पर युवक से 50 हजार की ठगी

**गाजियाबाद (जर्नी ऑफ सक्सैस)।** कौशांबी थाना क्षेत्र में बैंक में फर्जी नौकरी लगवाकर युवक से 50 हजार रुपये ठगने का मामला सामने आया है। आरोप है कि उसका फोन पर इंटरव्यू कराया गया और ईमेल पर फर्जी ज्वाइनिंग लेटर देकर बैंक में भेजा गया। युवक ने एक नामजद समेत दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। अर्थला निवासी विकास चौधरी ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है। विकास ने पुलिस को बताया कि वह काफी समय से बेरोजगार था और काम की तलाश कर रहा था। पिछले दिनों उसकी मुलाकात अर्थला के ही रहने वाले बिजेंद्र से हुई। बिजेंद्र ने उसे बताया कि नवयुग मार्केट में उसका प्लेसमेंट का आफिस है और वह नौकरी दिलाने का काम करता है। विकास को बताया कि एसबीआइ में ग्राहक मित्र की नौकरी निकली हैं, वह उसे नौकरी दिलवा देगा। इसके लिए आरोपित ने 50 हजार रुपये उससे ले लिए। कुछ दिन बाद आरोपित ने काल पर विकास का इंटरव्यू करा दिया। इसके बाद ईमेल पर ज्वानिंग लेटर भेजकर वैशाली ब्रांच जाने के लिए कहा। विकास जब वैशाली ब्रांच में पहुंचे तो उन्हें ठगी का पता चला। बैंक प्रबंधक ने विकास को पकड़वाने के लिए पुलिस को बुलाया तो उसने सारी बात बताई। विकास की तहरीर पर पुलिस ने दो के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि मामले में जांच कर आरोपित की तलाश की जा रही है।

## नकदी से भरा बैग लूटा

**गाजियाबाद (जर्नी ऑफ सक्सैस)।** साहिबाबाद थानाक्षेत्र में युवक को बातों में उलझाकर दो बदमाश उसका बैग और मोबाइल लेकर फरार हो गए। बैग में 25 हजार रुपये रखे थे। बाद में बदमाशों ने उसके मोबाइल का प्रयोग कर बैंक खाते से करीब 60 हजार रुपये भी निकाल लिए। युवक की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। बिजनौर नकीबपुर खजूरी थाना नहटौर निवासी अंकुल कुमार ने साहिबाबाद थाने में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अंकुल कुमार ने पुलिस को बताया कि वह मालवीयनगर दिल्ली में किराये पर रहता है और वहीं नौकरी करता है। पांच अक्टूबर को वह गांव जाने के लिए मेट्रो से मोहननगर आया और बस का इंतजार करने लगा। शाम करीब साढ़े सात बजे दो लडके आए और जयपुर जाने का रास्ता पूछने लगे। अंकुल ने उन्हें कहा कि वह इस शहर के नहीं हैं और रास्ते के बारे में नहीं पता। इसके बाद दोनों आरोपितों ने उन्हें बातों में उलझाया और मोबाइल और बैग लेकर भाग गए। बैग में 25 हजार रुपये उनके और भाई के शैक्षिक दस्तावेज आदि थे। इसके एक दिन बाद उन्होंने बैंक खाता देखा तो उसमें से आरोपितों ने 67,370 रुपये निकाल लिए। अंकुल ने बताया कि करीब एक लाख रुपये आरोपितों ने उनसे ठगे हैं।

# श्री गुरु नेपाली दादाजी के कृपापात्र मंगल सिंह सांखला का निधन अपूरणीय क्षति : श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज

● जर्नी ऑफ सक्सैस

**श्रद्धांजलि**

- **श्रीमहंत हरि गिरि महाराज व श्रीमहंत कंचन गिरि महाराज ने जोधपुर पहुंचकर मंगल सिंह सांखला को श्रद्धांजलि अर्पित की**

**जोधपुर।** श्री दादा दरबार सिद्धनाथ महादेव के परम भक्त व श्री गुरु नेपाली दादाजी के कृपापात्र मंगल सिंह सांखला का 7 अक्टूबर को निधन हो गया। उनके निधन से धार्मिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन को संतों ने अपूरणीय क्षति बताया। सिद्धपीठ श्री दूधेश्वरनाथ मठ महादेव मंदिर के पीठाधीश्वर, जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता एवं दिल्ली संत मंडल के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने बताया कि मंगल सिंह सांखला का पूरा जीवन श्री दादा दरबार सिद्धनाथ महादेव व संतों की सेवा के लिए समर्पित रहा। वे श्री गुरु नेपाली दादाजी के साथ जब भी हरिद्वार जाते थे, तो गाजियाबाद में सिद्धपीठ श्री दूधेश्वरनाथ मठ महादेव मंदिर अवश्य आते थे और भगवान दूधेश्वर का अभिषेक करते थे। ब्रह्मलीन महंत श्री गौरी गिरि महाराज के मंदिर के पीठाधीश्वर होने के दौरान भी वे अनेक बार मंदिर आए। महाराजश्री ने बताया कि उनका मंगल सिंह सांखला के साथ बहुत लगाव था। जूना



अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि महाराज व जूना अखाड़ा के मंत्री श्रीमहंत कंचन गिरि महाराज को उनसे अत्यंत स्नेह था। श्रीमहंत हरि गिरि महाराज को जैसे ही उनके निधन की जानकारी मिली, उन्होंने अपने सभी कार्यक्रम स्थगित कर दिए और जोधपुर जाकर मंगल सिंह सांखला को श्रद्धांजलि दी। श्रीमहंत कंचन गिरि महाराज भी अपनी चारधाम यात्रा को बीच में छोड़कर जोधपुर पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री दादा दरबार सिद्धनाथ महादेव के वर्तमान गादीपति महंत मुनेश्वर गिरि महाराज ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने जो सेवा कार्य किए, उन्हें भुलाया नहीं जा सकता।

# पैदल घर जा रही महिला के गले से बाइक सवार ने चेन छीनी

● जर्नी ऑफ सक्सैस



**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में बाइक सवार बदमाश ने पैदल घर लौट रही महिला के गले से चेन छीन ली। वारदात के दौरान महिला बेटे को स्कूल छोडकर घर लौट रही थी। बताया जाता है कि घटना की शिकार महिला एक एयरलाईंस के पायलट की पत्नी है। महिला ने वारदात की सूचना पुलिस को दी। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी है। वसुंधरा सेक्टर 18 की गार्डेनिया गीतांजलि सोसाइटी में रहने वाली आभा सिंह ने पुलिस से घटना की शिकायत की है। आभा सिंह ने घटना के संबंध में पुलिस को बताया कि वह छह अक्तूबर की सुबह अपने बेटे को स्कूल छोड़ने गई थीं। बेटे को छोड़ने के बाद वह पैदल ही घर की ओर आ रही थीं। इस दौरान सेक्टर 16 में अग्रसेन रोड पर बाइक सवार बदमाश ने उनसे चेन छीन ली और फरार हो गया। उन्होंने बाइक का पीछा भी किया लेकिन बदमाश तेजी से भाग निकला। इंदिरापुरम पुलिस का कहना है कि महिला की शिकायत पर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। वारदात को अंजाम देने वाले बदमाशों की तलाश के लिए घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी जा रही है। जल्द ही बदमाशों को गिरफ्तार कर वारदात का खुलासा किया जाएगा।

# त्यौहारों पर सुरक्षा को लेकर सर्राफा बाजार में पुलिस ने किया पैदल मार्च



**गाजियाबाद (जर्नी ऑफ सक्सैस)।** आगामी त्यौहारों पर सुरक्षा-व्यवस्था बनाए जाने को लेकर पुलिस बल पूरी तरह से अलर्ट है। इसी क्रम में शुक्रवार को डीसीपी देहात ने अधिकारियों के साथ मिलकर लोनी के सराफा बाजार में पैदल मार्च किया और वहां के दुकानदारों व कारोबारियों को सुरक्षा का अहसास दिलाते हुए बातचीत की। डीसीपी देहात सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि आगामी त्यौहारों पर सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए शुक्रवार को एसीपी अंकुर विहार व एसीपी लोनी के साथ कानून व्यवस्था को सुदृढ करने तथा आम जनमानस में सुरक्षा की भावना को जागृत करने के उद्देश्य से पैदल मार्च किया गया। पैदल मार्च के दौरान पुलिस बल ने थाना क्षेत्र लोनी की सराफा मार्केट में व्यापारियों व दुकानदारों से मिलकर सुरक्षा का एहसास दिलाया। इतना ही नहीं बाजार में मौजूद कारोबारियों व आमजन से कुशलता व सुरक्षा के संबंध में बातचीत की गई। इसके अलावा कमिश्नरेट के अन्य थाना क्षेत्रों में भी पुलिस बल ने पैदल मार्च कर सुरक्षा-व्यवस्था को मजबूत किया।

# राहगीरों से लूट करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

## एक तोला सोना, साढे 12 हजार की नगदी, चोरी की बाइक बरामद

● जर्नी ऑफ सक्सैस



**गाजियाबाद।** एनसीआर क्षेत्र में राहगीरों से लूटपाट करने वाले गिरोह के दो बदमाशों को कविनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस दौरान तीसरा बदमाश पुलिस को चकमा देकर फरार होने में कामयाब हो गया। पकड़े गए बदमाशों के पास से 12.47 ग्राम की सोने की गोली, साढ़े 12 हजार की नगदी तथा चोरी की बाइक व तमंचा कारतूस बरामद हुए हैं।

गोविंदपुरम क्षेत्र में कविनगर पुलिस गस्त कर रही थी। इसी दौरान दरोगा रनवीर सिंह की टीम को सूचना मिली कि तीन बदमाश चोरी की बाइक पर वारदात की नियत से घूम रहे हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने सिकरोड़ा की तरफ से आते हुए बाइक सवार तीन बदमाशों को रोकने का प्रयास किया तो बदमाश भागने लगे, लेकिन हडबडाहट में बाइक फिसलने से तीनों गिर गए। इसी दौरान पुलिस ने दो बदमाशों को धर दबोचा, जबकि उनका तीसरा साथी मौके से फरार हो गया। गिरफ्तार बदमाशों में चांदबाग दिल्ली निवासी मोहम्मद महफूज उर्फ भूरा तथा गढ़ी मोहल्ला पिलखुवा हापुड़ निवासी अंकुर उर्फ सोनू शामिल है। मोहम्मद महफूज से 12.47 ग्राम की सोनी की गोली और छह हजार रुपये तथा अंकुर उर्फ सोनू के कब्जे से तमंचा, कारतूस और साढ़े छह हजार रुपये बरामद हुए। एसीपी का कहना है कि दोनों बदमाश दिल्ली-एनसीआर में मोबाइल और चेन लूट की कई घटनाओं में लिप्त रहे हैं। महफूज ने स्वीकार किया कि उन्होंने बीते 20 सितंबर को गोविंदपुरम डी-ब्लॉक की सर्विस रोड पर एक व्यक्ति से सोने की चेन छीनी थी।

इसके अलावा राजनगर एक्सटेंशन में स्पॉटलाइट मॉल के पास एक व्यक्ति से गन प्वाइंट पर चेन लूटने की घटना भी की थी। बरामद बाइक दिल्ली से चोरी की गई थी जबकि बरामद सोने की गोली कविनगर थाना क्षेत्र में हुई एक घटना से संबंधित हैं।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत 'शक्ति संवाद' छात्राओं के अधिकार, सम्मान और स्वास्थ्य पर महिला थाना प्रभारी की सराहनीय पहल

● जर्नी ऑफ सक्सैस



**हापुड़।** मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और बेटियों को सशक्त बनाने की दिशा में हापुड़ पुलिस ने एक सराहनीय कदम उठाया है। महिला थाना प्रभारी अरुणा राय ने शुक्रवार को 'शक्ति संवाद' कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को उनके अधिकार, आत्मरक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ी अहम जानकारियाँ देकर न सिर्फ जागरूक किया बल्कि एक नई और संवेदनशील पहल की शुरूआत भी की। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और किशोरियों को स्वावलंबी, आत्मविश्वासी और सुरक्षित बनाना रहा। थाना प्रभारी अरुणा राय ने छात्राओं से संवाद करते हुए कहा कि 'मिशन शक्ति केवल एक अभियान नहीं, बल्कि महिलाओं के आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता की प्रतीक है। इसका मकसद है कि हर बेटी अपने अधिकारों को जाने, उनका प्रयोग करे और किसी भी अन्याय के सामने डटकर खड़ी हो।' उन्होंने छात्राओं को घरेलू हिंसा, साइबर अपराध, छेड़खानी, कार्यस्थल पर उत्पीड़न जैसी स्थितियों से निपटने के कानूनी अधिकारों, हेल्पलाइन नंबरों (1090, 181, 112) और पुलिस की मदद लेने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। 'शक्ति संवाद' कार्यक्रम की सबसे खास बात रही कि महिला थाना प्रभारी ने छात्राओं को सेनेटरी पैड और मासिक धर्म स्वच्छता के महत्व पर खुलकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य और स्वच्छता भी सुरक्षा जितनी ही जरूरी है। बेटियों को अपने शरीर और उसकी देखभाल को लेकर संकोच नहीं, सजग रहना चाहिए। मासिक धर्म स्वाभाविक प्रक्रिया है, इसे लेकर किसी तरह की शर्म या झिझक नहीं होनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को सेनेटरी पैड के उपयोग, उसके सही तरीके से निपटान और संक्रमण से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही, कई छात्राओं को निःशुल्क पैड भी वितरित किए गए। थाना प्रभारी की प्रेरणादायक बातों से छात्राओं में जबरदस्त उत्साह देखा गया। कई छात्राओं ने बताया कि उन्हें पहली बार पुलिस के माध्यम से इस तरह की जानकारी मिली। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने महिला थाना प्रभारी से कई सवाल भी पूछे, जिनका जवाब उन्होंने बेहद सहज और सशक्त ढंग से दिया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करना है। इस अभियान के तहत महिलाओं को कानून, सुरक्षा उपायों, आत्मरक्षा प्रशिक्षण और स्वास्थ्य जागरूकता से जोड़ा जा रहा है। थाना प्रभारी अरुणा राय ने कहा हमारी कोशिश है कि हर बेटी खुद को असहाय न समझे। पुलिस उनके साथ है, हर वक्त, हर जगह। मिशन शक्ति का संदेश यही है 'सुरक्षित नारी, सशक्त नारी। आज समाज में बेटियाँ सिर्फ घर की जिम्मेदारी नहीं निभा रहीं, बल्कि हर क्षेत्र में अपनी मेहनत और लगन से नया इतिहास लिख रही हैं। लेकिन इस सफलता की राह में उन्हें आत्मविश्वास और जागरूकता की जरूरत है। मिशन शक्ति अभियान इसी सोच का प्रतीक है कि हर बेटी अपने अधिकारों को जाने, अपनी आवाज उठाए और अपने सम्मान के लिए खुद खड़ी हो सके। हमारे समाज में अभी भी बहुत सी बेटियाँ और महिलाएँ ऐसी हैं जो घरेलू हिंसा, छेड़खानी, कार्यस्थल पर उत्पीड़न या सोशल मीडिया पर बदसलूकी जैसी समस्याओं को झेलती हैं, लेकिन डर या शर्म के कारण आगे नहीं आतीं। मैं आज सभी बेटियों से कहना चाहती हूँ कि अब डरने की नहीं, आगे बढ़ने की जरूरत है। कानून आपके साथ है, पुलिस आपके साथ है बस आपको अपनी बात निर्भीक होकर कहनी है। 'शक्ति संवाद' कार्यक्रम के माध्यम से हमारा उद्देश्य यही है कि बेटियाँ अपने अंदर यह विश्वास जगाएँ कि वे किसी से कम नहीं हैं। हम सिर्फ सुरक्षा की बात नहीं कर रहे, बल्कि मानसिक और भावनात्मक सशक्तिकरण की दिशा में काम कर रहे हैं। इसी कड़ी में हमने छात्राओं से महिला स्वास्थ्य, मासिक धर्म स्वच्छता और सेनेटरी पैड के उपयोग पर खुलकर चर्चा की, क्योंकि एक स्वस्थ बेटी ही आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी समाज की नींव रख सकती है।

# फ्लैग मार्च और ड्रोन निगरानी के बीच जुमे की नमाज हुई शांतिपूर्ण संपन्न

● जर्नी ऑफ सक्सैस

**हापुड़।** शुक्रवार को हापुड़ जिले में आगामी त्योहारों के मद्देनजर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जुमे की नमाज शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। जिलेभर में पुलिस और प्रशासन ने विशेष सतर्कता बरती और संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च निकालकर नागरिकों को सुरक्षा का संदेश दिया। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक पुलिस और प्रशासनिक अमले ने चौकसी बढ़ा रखी थी। नमाज के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। पुलिस अधिकारियों की निगरानी में जुमे की नमाज सुचारू रूप से अदा हुई और सभी मस्जिदों एवं नमाजगाहों में शांति का माहौल रहा।

त्योहारों और बढ़ती भीड़ को देखते हुए जिलेभर में पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के प्रमुख थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च करते रहे।

सिटी कोतवाली: देवेंद्र बिष्ट
बाबूगढ़ कोतवाली: मुनीष प्रताप सिंह
कपूरपुर थाना: विनोद पांडेय
धौलाना: नीरज कुमार
गढ़मुक्तेश्वर: मनोज बालियान
पिलखुआ: पटनिश कुमार
हापुड़ देहात: विजय गुप्ता



हाफिजपुर: मनीष कुमार

इस दौरान मुख्य बाजारों, धार्मिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। पुलिस ने नागरिकों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की और किसी भी अफवाह या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने का आग्रह किया। सुरक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए पुलिस ने ड्रोन कैमरों से निगरानी रखी, प्रमुख चौराहों पर बैरिकेडिंग लगाई और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया। पुलिस अधीक्षक हापुड़ कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने कहा कि 'हापुड़ जिले में सुरक्षा और कानून व्यवस्था हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। त्योहारों के समय संवेदनशील इलाकों में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए हमने जिलेभर में विशेष सतर्कता बढ़ा दी है। सभी थाना प्रभारी और पुलिस बल अपनी-अपनी जिम्मेदारियों के प्रति पूरी तरह सचेत हैं। हमारा उद्देश्य नागरिकों के लिए सुरक्षित और शांति पूर्ण माहौल सुनिश्चित करना है।

गाजियाबाद, शनिवार, 11 अक्टूबर-2025

दैनिक जर्नी ऑफ सक्सैस






journeyofsucces@gmail.com

गाजियाबाद से प्रकाशित...

जोश सच का...

### इंदिरापुरम का स्वर्ण जयंती पार्क निगम के लिए बनेगा आय का नया स्रोत

# आमंत्रित की गईं निविदा, इंदिरापुरम में तीव्र गति से हो रहे हैं विकास कार्य: नगर आयुक्त

● जर्नी ऑफ सक्सैस










**गाजियाबाद।** नगर निगम को इंदिरापुरम गाजियाबाद विकास प्राधिकरण से हैंड ओवर होने के बाद लगातार नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में इंदिरापुरम के वार्डों में तथा प्रमुख मार्गो को व्यवस्थित करने का कार्य तीव्रता से चला दिखाई दे रहा है। इंदिरापुरम क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के क्रम में निर्माण विभाग द्वारा विशेष रूप से नाला निर्माण तथा सड़कों के निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। जिसमें 100 करोड़ से अधिक के कार्य वर्तमान में जारी है । जिसके क्रम में क्षेत्रीय पार्षदों द्वारा गाजियाबाद नगर निगम का धन्यवाद भी किया है।

उद्यान विभाग भी इंदिरापुरम में विशेष भूमिका निभा रहा है नगर आयुक्त के नेतृत्व में उद्यान विभाग द्वारा स्वर्ण जयंती पार्क जो की नीति खंड 2 तथा 3 के मध्य है, जो कि लगभग 101175 वर्ग मीटर में बना हुआ है। जिसमें एमपी थियेटर, नौका विहार, फाउंटेन, आकर्षक झूले, रेस्टोरेंट, स्विमिंग पूल, तथा 40 दुकान भी बनी हुई है जिसमें एंट्री फीस भी लगती है। जिसमें इंदिरापुरम क्षेत्र के अधिकांश निवासी गन तथा बाहर के निवासी भी आते हैं गाजियाबाद नगर निगम द्वारा पार्क को व्यवस्थित करने तथा पार्क से आय अर्जित करने के लिए निविदा आमंत्रित की गई है, जो की 25 अक्टूबर को खुलेगी । जिसमें 10 लाख मिनिमम धनराशि प्रतिमा के लिए रखी गई है जिसके लिए बोली भी लगाई जाएगी।

टेंडर लेने वाले को गाजियाबाद नगर निगम का स्वर्ण जयंती पार्क पूर्ण रूप से व्यवस्थित करना होगा निविदा में बताया गया है। प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज द्वारा बताया गया गाजियाबाद नगर निगम इंदिरापुरम क्षेत्र के पार्कों को बेहतर रूप से व्यवस्थित करने में जुटा हुआ है। प्रतिदिन पार्कों की साफ सफाई नियमित पानी का छिड़काव, के साथ-साथ रखरखाव का कार्य भी कर रहा है वही जो बड़े पार्क हैं उनके लिए निविदा भी आमंत्रित की जा रही है।

इसी क्रम में स्वर्ण जयंती पार्क एक भव्य पार्क है जहां से राजस्व की प्राप्ति के लिए गाजियाबाद नगर निगम द्वारा निविदा आमंत्रित की गई है 25 अक्टूबर को अंतिम तिथि है । जिसमें नियम अनुसार आगे की कार्यवाही करते हुए स्वर्ण जयंती पार्क की टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। इस कार्यवाही से शहर वासियों के साथ-साथ निगम का भी हित होगा, तथा एक बड़े भव्य पार्क के रखरखाव भी सरलता मिलेगी।

### फिल्म 'पापा की परी' और 'रिकवरी' की घोषणा के बाद

# अभिनेता मुकेश जे. भारती और निर्माता मंजू मुकेश को मिली जान से मारने की धमकी

### रवि पुजारी गैंग के नाम पर बेटे के अपहरण की धमकी, पुलिस आयुक्त से की शिकायत

● जर्नी ऑफ सक्सैस



**गाजियाबाद।** छोटे पर्दे से लेकर बड़े परदे तक अपनी दमदार अदाकारी से पहचान बनाने वाले सास भी कभी बहू थी फेम अभिनेता विवेक फिल्म प्रोडक्शन हाउस, मुंबई के मालिक मुकेश जे. भारती और उनकी पत्नी, फिल्म निमार्ता मंजू मुकेश भारती इन दिनों दहशत में हैं। गाजियाबाद में अपनी अगली फिल्म की शूटिंग की घोषणा करना उन्हें इतना महंगा पड़ गया कि उन्हें कुख्यात रवि पुजारी गैंग के नाम पर हत्या और अपहरण की धमकी मिल गई। धमकियां फोन और सोशल मीडिया दोनों जगह से आईं। पूरे मामले को लेकर पुलिस आयुक्त से शिकायत की गई और फिर नंदग्राम थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई।

मंजू मुकेश भारती ने बताया कि किसी ने खुद को रवि पुजारी गिरोह का सदस्य बताते हुए चेतावनी दी कि अगर उन्होंने गाजियाबाद में कैमरा रोल किया, तो जान से हाथ धोना पड़ेगा। डर और चिंता में घिरे इस स्टार जोड़े ने पुलिस आयुक्त जे. रविंदर गौड़ से मिलकर पूरी घटना की जानकारी दी और सुरक्षा की मांग की।

दंपती का कहना है कि वे पहले मौसम इकरार के दो पल प्यार के दो पल और प्यार में थोड़ा ट्विस्ट जैसी फिल्मों की शूटिंग यूपी में कर चुके हैं और गाजियाबाद में दो नई फिल्मों की तैयारी में थे। लेकिन जैसे ही उन्होंने सोशल मीडिया पर शूटिंग की जानकारी साझा की, नंदग्राम थाना क्षेत्र के एक अपराधी प्रवृत्ति के व्यक्ति ने उन्हें कॉल और मैसेज के जरिए धमकाना शुरू कर दिया। मुकेश और मंजू भारती के मुताबिक, धमकी देने वाले ने न सिर्फ उन्हें, बल्कि उनके बेटे का अपहरण करने की धमकी भी दी है। यह लगातार मानसिक उत्पीड़न का कारण बन रहा है। शिकायत सुनने के बाद पुलिस आयुक्त जे. रविंदर गौड़ ने कहा कि कलाकारों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और शूटिंग के दौरान पुलिस बल मुस्तैद रहेगा। सीपी ने यह भी बताया कि प्रदेश सरकार ने फिल्म यूनिट्स को पूर्ण सुरक्षा देने के निर्देश जारी किए हैं, ताकि कोई भी कलाकार भयमुक्त होकर काम कर सके। मुकेश जे. भारती ने कहा कि वह जल्द ही अपनी दो नई फिल्मों पापा की परी और रिकवरी में नजर आने वाले हैं, लेकिन इस घटना ने फिल्म इंडस्ट्री में रवि पुजारी गैंग की परछाई एक बार फिर ताजा कर दी है। जानकारों के मुताबिक, रवि पुजारी गिरोह पर पहले भी सलमान खान, शाहरुख खान, महेश भट्ट, करण जौहर, अक्षय कुमार समेत कई बॉलीवुड दिग्गजों से रंगदारी मांगने और धमकाने के आरोप लग चुके हैं। फिलहाल गाजियाबाद पुलिस ने आरोपी की तलाश तेज कर दी है और कहा है कि फिल्म जगत के कलाकारों को पूरी सुरक्षा दी जाएगी, ताकि कैमरे की दुनिया पर डर का साया न पड़े। महाराष्ट्र के रवि पुजारी गैंग का सदस्य बताकर फिल्म निमार्ता मंजू मुकेश भारती और उनके पति व अभिनेता मुकेश जे. भारती को अपहरण व हत्या की धमकी देने वाले सतेंद्र त्यागी के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# जीडीए की कार्यशैली पर भाजपा के तीन पार्षदों ने खड़े किए प्रश्नचिन्ह

● जर्नी ऑफ सक्सैस



### जनप्रतिनिधियों से मांगा भाजपा पार्षदों ने सहयोग

भाजपा पार्षद यशपाल पहलवान, राहुल शर्मा व हिमांशु शर्मा ने प्रेसवार्ता के माध्यम से जहां पर जीडीए पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाये हैं वहीं उन्होंने कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप , गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग, सदर विधायक संजीव शर्मा आदि से सहयोग करने की मांग की है। जनप्रतिनिधियों से मांग की गई है कि वह जनता पर हो रहे उत्पीड़न को समाप्त कराने की दिशा में काम करें ताकि जनता अपने मकान आदि को सरलता से बना सके।

**विरोध**

- **अवैध बताकर बिल्डिंग तोड़े जाने को ठहराया पार्षदों ने गलत, विरोध जताया**

**गाजियाबाद।** भाजपा सत्ता में है और भाजपा के नेता ही अपनी सरकार के भ्रष्ट तंत्र के खिलाफ निरंतर आवाज उठा रहे हैं। भाजपा के तीन पार्षदों ने एक प्रेसवार्ता कर जीडीए अधिकारियों पर अवैध निर्माण तोड़े जाने को लेकर गंभीर आरोप लगाये हैं। उन्होंने कहा है कि जीडीए अवैध धन उगाही के लिए फर्जी शिकायतकर्ताओं को संरक्षण दे रहा है जिससे आम आदमी में दहशत का माहौल बना हुआ है। क्षेत्र के जेई, ऐई और प्रवर्तन दल के अधिकारी इस मामले में पूरी तरह से संलिप्त रहते हैं और आम आदमी के आशियानों को उजाड़ने का काम किया जा रहा है। पार्षदों ने जीडीए अधिकारियों की सम्पत्तियों की जांच की भी मांग की है साथ ही फर्जी शिकायतकर्ताओं के खिलाफ ठोस कार्यवाही किए जाने की मांग को उठाया है।

भाजपा पार्षद यशपाल पहलवान, राहुल शर्मा व हिमांशु शर्मा ने संयुक्त रूप से प्रेसवार्ता कर जीडीए की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह खड़े किए हैं। उन्होंने कहा है कि साहिबाबाद क्षेत्र में अवैध निर्माण के नाम पर अवैध धन की उगाही की जा रही है। जीडीए अधिकारियों की निरंकुशता निरंतर बढ़ रही है और आम आदमी अपना आशियाना नहीं बना रहा है। पहले जीडीए नक्शा पास करने के नाम पर धन उगाही करता है। इसके बाद लेंटर के नाम पर धन उगाही की जाती है। फिर भी अवैध निर्माण बताकर जनता का दोहन किया जा रहा है। भाजपा पार्षद यशपाल पहलवान, राहुल शर्मा व हिमांशु शर्मा ने कहा है कि वह जीडीए अधिकारियों की हठधर्मिता को स्वीकार नहीं करेंगे और साहिबाबाद समेत पूरे जनपद के लोगों को एकत्र कर जन आन्दोलन चलाया जायेगा।

### इंग्राहम स्कूल में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन आज

# भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल करेंगे शिरकत





● जर्नी ऑफ सक्सैस

**गाजियाबाद।** जीटी रोड़ चौधरी मोड़ चौराहा के पास स्थित आशा विद्यालय इंग्राहम स्कूल में शनिवार को सांसद खेल महोत्सव का आयोजन होगा। सांसद अतुल गर्ग ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर एक बजे होगा। इस सांसद खेल महोत्सव में मुख्य अतिथि भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल भाग और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करेंगे। इस महोत्सव में सभी खेल प्रतियोगिताओं में केवल दिव्यांग खिलाड़ी/ विद्यार्थी ही भाग ले सकेंगे।

समारोह में शहर विधायक संजीव शर्मा सहित भाजपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी भी शिरकत करेंगे। कार्यक्रम के संयोजक एवं भाजपा महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान ने बताया कि यह आयोजन विशेष रूप से उन बच्चों को समर्पित है जो अपनी सीमाओं के बावजूद असाधारण जज्बे से समाज को नई दिशा देते हैं। उन्होंने कहा कि इन बच्चों को मंच देना ही सच्ची सेवा है। यह आयोजन प्रतियोगिता नहीं, बल्कि संवेदना, सहयोग और सम्मान का पर्व है। महोत्सव के दौरान खेल प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और सम्मान समारोह का आयोजन होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना और उन्हें आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। इस आयोजन से गाजियाबाद न केवल एक सकारात्मक सामाजिक संदेश देगा, बल्कि यह भी साबित करेगा कि समाज का हर वर्ग, हर बच्चा सम्मान और समान अवसर का हकदार है।

### राज्य निर्वाचन आयुक्त की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक

# त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचक नामावली वृहद पुनरीक्षण-२०२५ की प्रगति की मंडल स्तर पर समीक्षा

● जर्नी ऑफ सक्सैस



**गौतमबुद्धनगर/गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के राज्य निर्वाचन आयुक्त राज प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन गौतमबुद्धनगर के सभागार में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचक नामावली वृहद पुनरीक्षण अभियान-2025 की प्रगति की समीक्षा के लिए मंडल स्तरीय बैठक संपन्न हुई।

बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों ने पंचायत निर्वाचन नामावली के वृहद पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत अब तक की गई कार्यवाही का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया और आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने समीक्षा करते हुए कहा कि पंचायत चुनाव लोकतंत्र की आधारशिला हैं, अतः निर्वाचक नामावली की शुद्धता, पारदर्शिता एवं समयबद्ध अद्यतनता सुनिश्चित की जानी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए तथा डुप्लीकेट या अपात्र प्रविष्टियों को नियमानुसार शीघ्रता से हटाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायत स्तर पर नियुक्त सभी पर्यवेक्षक अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य करें और क्षेत्रीय सत्यापन कार्य की नियमित निगरानी की जाए। साथ ही निर्वाचक नामावली के प्रदर्शन, आपत्तियों के निस्तारण एवं अंतिम प्रकाशन की सभी प्रक्रियाएं निर्धारित समय-सारिणी के अनुरूप पारदर्शी ढंग से संपन्न की जाएं। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने यह भी कहा कि सभी जिलाधिकारी अपने-अपने जनपदों में पुनरीक्षण कार्य की दैनिक समीक्षा करें, प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से आयोग को भेजें तथा किसी भी स्तर पर शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि आयोग द्वारा समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य अपेक्षित है। माननीय राज्य निर्वाचन आयुक्त ने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे इस अभियान को पूर्ण निष्ठा, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ संपन्न करें ताकि आगामी पंचायत चुनाव निष्पक्ष, सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सकें। बैठक में गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, मेरठ, हापुड़, बागपत तथा बुलंदशहर जनपदों के जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिला मजिस्ट्रेट, उप जिला निर्वाचन अधिकारी/ अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) तथा मुख्य विकास अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# एडीएम सिटी की अध्यक्षता में हुई खाद्य सुरक्षा की जिला स्तरीय बैठक



● जर्नी ऑफ सक्सैस

**निर्देश**

- **त्यौहारों के मद्देनजर एहतियात बरतने के दिए निर्देश**

**गाजियाबाद।** एडीएम सिटी विकास कश्यप की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें खाद्य कारोबारी विशेष कर स्ट्रीट फूड वेंडर्स के क्लस्टर की पहचान कर उनको स्वच्छता एवं खाद्य पदार्थ को ढक कर रखने तथा खाद्य रंगों के अत्यधिक प्रयोग न करने के प्रति सचेत करने का निर्णय लिया गया। साथ ही मोबाइल प्रयोगशाला फूड सेफ्टी ऑन व्हील द्वारा खाद्य पदार्थों के जांच को प्रचार प्रसार किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। आबकारी विभाग की आवंटित दुकानों के खाद्य लाइसेंस को 100% कवर करने की बात कही गई। बैठक में सहायक आयुक्त खाद्य अरविंद कुमार यादव ,मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशुतोष राय समेत अन्य विभागों के अधिकारी तथा उद्योग संगठन के सुशील अरोड़ा उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के पदाधिकारी प्रीतम लाल , सतीश अग्रवाल तथा ड्रग एसोसिएशन के राजीव त्यागी मौजूद रहे।

### दंगा निरोधक उपकरणों का प्रयोग कर किया गया बलवा ड्रिल का आयोजन

# परखी गई पुलिस कर्मियों की सामूहिक तत्परता, अनुशासन व भीड़ नियंत्रण की दक्षता









● जर्नी ऑफ सक्सैस

**अभ्यास कराया**

- **आपात स्थिति में घायलों के सुरक्षित निकालने का कराया गया अभ्यास**

### मॉक ड्रिल में कराई गई कार्रवाई

- एन्टीराइट गन द्वारा प्लास्टिक प्लेटस फायर की गयी
- टीयर गैस गन से सैल फायर किये गये
- गैस ग्रिनेड को फेंककर जानकारी दी गयी
- ड्राई मारकर ग्रिनेड को फेंककर जानकारी दी गयी
- श्री वे ग्रिनेड को फेंककर जानकारी दी गयी
- स्टन ग्रिनेड से को फेंककर जानकारी दी गयी

**गाजियाबाद।** आगामी त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए पुलिस लाइन में शुक्रवार को दंगा नियंत्रण उपकरणों का प्रयोग कर बल्बा नियंत्रण (दंगा नियंत्रण) ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य पुलिस कर्मियों की सामूहिक तत्परता, अनुशासन एवं भीड़ नियंत्रण की दक्षता को और अधिक सुदृढ़ करना था। ड्रिल के दौरान पुलिसकर्मियों को यह भी अभ्यास कराया गया कि आपात स्थित में घायलों को कैसे सुरक्षित निकाला जाए।

डीसीपी लाईन व ट्रांस हिंडन निमिष पाटील ने बताया कि शुक्रवार को पुलिस लाईन हरसांव में आयोजित मॉक ड्रिल में पुलिसकर्मियों को दंगा निरोधक उपकरणों का प्रयोग कर भीड़ को नियंत्रित एवं तितर-बितर करने की रणनीति, सुरक्षात्मक उपकरणों का प्रयोग, वॉटर कैनन एवं आंसू गैस के उपयोग की मानक प्रक्रिया तथा आपात स्थिति में घायलों के सुरक्षित निष्कासन का अभ्यास कराते हुए जरूरी जानकारी दी गई। पुलिस उपायुक्त ट्रांस हिडन व लाइन द्वारा अभ्यास का निरीक्षण किया गया और पुलिस कर्मियों की तत्परता, अनुशासन एवं टीमवर्क की सराहना की गई।

उन्होंने बताया कि ऐसे अभ्यास पुलिस बल की प्रतिक्रिया क्षमता को और अधिक मजबूत करते हैं तथा किसी भी आकस्मिक स्थिति में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहायक सिद्ध होते हैं। इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे ताकि पुलिस बल सदैव सतर्क और अनुशासित एवं दक्ष बना रहे।

## सम्पादकीय

### सरकारी तंत्र के भीतर भी दबाव की राजनीति

हरियाणा में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी की आत्महत्या और उससे जुड़े तथ्यों के संबंध में जैसी खबरें आई हैं, वे विचलित करने वाली हैं। यह अफसोसनाक है कि देश में फैली कुरीतियों और दुराग्रहों को दूर करने की उम्मीद जिस तंत्र से की जाती है, कई बार वह खुद भी इससे मुक्त नहीं दिखता है। गौरतलब है कि हरियाणा में भारतीय पुलिस सेवा के एक वरिष्ठ अधिकारी वाई पूरन कुमार ने कुछ वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से लगातार ह्यअसहनीय उत्पीड़नह्ण से तंग आकर आत्महत्या कर ली। उन्हें अधिकारों और अन्य मुद्दों से संबंधित मामलों में मुखर हस्तक्षेप के लिए जाना जाता था। खबरों के मुताबिक, एक ह्यआखिरी नोटह्ण में उन्होंने कुछ अधिकारियों पर मानसिक उत्पीड़न, जाति आधारित भेदभाव, सार्वजनिक अपमान और दुर्भावनापूर्ण तरीके से छद्म शिकायतें दर्ज कराने आदि का गंभीर आरोप लगाया। भारतीय पुलिस सेवा के तहत अपने पद पर काम करते हुए किसी उच्च अधिकारी के सामने भी अगर आत्महत्या की नौबत आती है तो यह हर स्तर पर चिंता की बात होनी चाहिए। सवाल है कि सरकारी तंत्र के भीतर भी दबाव की राजनीति कैसे इस तरह काम करती है कि एक व्यक्ति के सामने जीने-मरने का सवाल आ खड़ा हो। सही है कि हमारे समाज में आज भी समाज के हाशिये के तबकों के खिलाफ बहुस्तरीय भेदभाव और उत्पीड़न की जड़ें गहरी दिखाई देती हैं और कमजोर पृष्ठभूमि के लोग कई बार इसका सामना नहीं कर पाते। लेकिन उम्मीद की जाती है कि पद, प्रभाव या आर्थिक हैसियत में सक्षम होने के बाद किसी व्यक्ति के खिलाफ सार्वजनिक अपमान, अत्याचार या जाति-आधारित भेदभाव करना आसान नहीं होता।

## आज आशीष पटेल करेंगे स्वदेशी मेला प्रदर्शनी का उद्घाटन

● जर्नी ऑफ सक्सैस



**गाजियाबाद।** उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र गाजियाबाद ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया कि माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में 10 से 18 अक्टूबर को रामलीला ग्राउण्ड संजयनगर में स्वदेशी मेला प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें हस्तशिल्पियों, कारीगरों / उद्यमियों द्वारा स्थानीय स्तर पर उत्पादित्त किए जा रहे उत्पादों को विपणन एवं दीपावली महापर्व के अवसर पर आम जनमानस को स्वदेशी वस्तुओं की खरीददारी का अवसर प्राप्त हो सके।

उक्त स्वदेशी मेले में उद्योग विभाग, खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, माटीकला बोर्ड, हथकरघा एवं वस्त्राद्योग विभाग, रेशम विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन, सी०एम० युवा, ओडीओपी विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, पीएमईजीपी मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना आदि के लाभार्थियों, वित्त पोषित इकाईयों, स्वयं सहायता समूह बैंको एवं अन्य उत्पादकों के स्टाल तथा ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 11 अक्टूबर को अपरान्ह 3 बजे उक्त स्वदेशी मेला प्रदर्शनी का उद्घाटन आशीष पटेल केबीनेट मंत्री प्राविधिक शिक्षा उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप उत्तर प्रदेश सरकार के करकमलों द्वारा किया जाना है।

## भाजपा महानगर मंत्री पर फायरिंग का आरोपी गिरफ्तार

● जर्नी ऑफ सक्सैस



**गाजियाबाद।** मधुबन-बापूधाम थाना क्षेत्र में पार्षद के कार्यालय पर मिलने गए भाजपा के महानगर मंत्री संजीव चौधरी पर फायरिंग के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी से पुलिस घटना के संबंध में पूछताछ कर रही है। ज्ञात हो कि कुछ दिन पूर्व संजीव चौधरी ने सौरभ गुप्ता उर्फ अंकुर गुप्ता, निकुंज त्यागी व संदीप यादव के खिलाफ फायरिंग करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। घटना को लेकर संजीव चौधरी ने बताया था कि वह पार्षद से मिलने गए थे और वहां उपरोक्त लोगों ने फायरिंग कर दी थी। हालांकि वह गोली लगने से बाल-बाल बच गए थे और एक गोली उनकी कार में लगी थी। एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्य ने बताया कि घटना के संबंध में सौरभ गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## कविता

### जीवन कुछ यूं बदल जाएगा

● जर्नी ऑफ सक्सैस

एक दिन ऐसा ही आएगा,
जो सबसे पास है।
वो दूर चला जाएगा,
जीवन कुछ यूं बदल जाएगा।
जो रिश्ते आज खुशी देते हैं,
कल वो दुख दे जाएगा।
जिन पर हमें गर्व है वो ही,
सबसे बड़ा गम जीवन में लाएगा।
जिन्हें हम अपना समझते हैं,
वो हमें दगा दे जाएगा।
रिश्तो को दांव पर रखकर,
वो हमें सजा दे जाएगा।
सब रिश्ते भूला कर वो,
अलग ही रंग दिखाएगा।
परायों से भी बत्तर,
अपना जब हो जाएगा।
पीठ में छुड़ा मार कर,
वो देखने तक ना आएगा।
हमको तड़पता देखकर,
वो मन ही मन मुस्कायेगा।
इसी बात का दुख है,
कि ऐसा एक दिन आएगा।
जिसे हम चाहते हैं जीवन से ज्यादा,
वो हमें जीवन से मिटाएगा।
एक दिन ऐसा आएग,
सब कुछ बदल सा जाएगा।
नाम के रिश्ते रहेंगे,
घर शीशे का हो जाएगा।

मिताली ममता शर्मा


स्वत्वाधिकारी सत्य प्रेम एंड अहिंसा समाज कल्याण ट्रस्ट के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सुबोध शर्मा ने मैसर्स AGS पब्लिकेशन F-23 सेक्टर 6 नोएडा 201301 उत्तर प्रदेश से मुद्रित करा कर G- 2 & 3 प्लॉट नंबर 18-A हिंट हाउस, आरडीसी-राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित किया।

RNI. No. UPHIN/2013/53934

संपादक - सुबोध शर्मा

समाचार संपादक - अशोक शर्मा

Mo. 9891806380


# पंच परिवर्तन और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष में केवल अपनी यात्रा का उत्सव नहीं मना रहा, बल्कि भारत के पुनर्निर्माण की दिशा में एक विचार-यात्रा प्रारंभ कर रहा है। इस यात्रा का केंद्र है पंच परिवर्तन, एक ऐसी रूपरेखा जो व्यक्ति, समाज और राष्ट्र तीनों स्तरों पर सकारात्मक परिवर्तन की मांग करती है। संघ का यह प्रयास केवल संगठनात्मक ऊर्जा का विस्तार नहीं, बल्कि राष्ट्र की चेतना को नई दिशा देने वाला सामाजिक संकल्प है। भारत आज सामाजिक विषमताओं, पारिवारिक विघटन, पर्यावरणीय असंतुलन, आर्थिक परनिर्भरता और नागरिक दायित्वों की शिथिलता जैसी अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है। इन परिस्थितियों में पंच परिवर्तन केवल विचार नहीं, बल्कि इन समस्याओं के समाधान का समग्र मार्गदर्शन बनकर सामने आता है। यह पांच परिवर्तन—सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, ह्यस्वह्ण आधारित जीवनशैली और कर्तव्यनिष्ठ नागरिक निर्माण—भारतीय समाज के नवजागरण की आधारशिला के रूप में उभरते हैं।

समरसता भारतीय समाज की आत्मा है। यह केवल विचार नहीं, बल्कि जीवन का व्यवहार है। संघ का मानना है कि जाति, धर्म, भाषा या क्षेत्र के आधार पर कोई भेदभाव न रहे, तभी भारत अपने सांस्कृतिक स्वरूप को साकार कर सकेगा। समानता और आत्मीयता – यही समाज को जोड़ने की वास्तविक शक्ति है। इसी भावना को साकार करने के लिए संघ के स्वयंसेवक गाँव-गाँव में सहभोजन, समरस उत्सव और संयुक्त सेवा परियोजनाएँ आयोजित कर रहे हैं। एक मंदिर एक जलस्रोत झ्र एक श्मशान जैसे अभियानों ने ग्रामीण समाज में बंधुता का वातावरण बनाया है। श्रीराम और केवट का प्रसंग आज भी इस समरसता का प्रतीक है, जहाँ सम्मान और आत्मीयता जाति या वर्ग से ऊपर उठ जाती है।

भारतीय संस्कृति में परिवार केवल सामाजिक संस्था नहीं, बल्कि संस्कार की प्रयोगशाला है। आज के यांत्रिक जीवन में जब संवाद घट रहा है और उपभोक्तावाद बढ़ रहा है, तब कुटुंब प्रबोधन की आवश्यकता पहले से अधिक महसूस होती है। संघ के परिवार प्रबोधन अभियान के अंतर्गत देशभर में संयुक्त भोजन, साप्ताहिक पारिवारिक संवाद, सांस्कृतिक आयोजन और संस्कार वर्ग जैसे प्रयास किए जा रहे हैं। इनसे पीढ़ियों के बीच संवाद पुनः स्थापित हो रहा है और परिवारों में भारतीय जीवन-मूल्य पुनर्जीवित हो रहे हैं। सशक्त परिवार ही सशक्त राष्ट्र की नींव रखता है। बालगोकुलम्‍ और संस्कार भारती जैसी पहलें इस कुटुंब संस्कृति को नई ऊर्जा प्रदान कर रही हैं।

पर्यावरण संरक्षण— प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का भाव

भारत का दृष्टिकोण सदैव प्रकृति मातरं वंदे का रहा है। संघ इस परंपरा को आधुनिक संदर्भ में पुनः स्थापित कर रहा है। वृक्षारोपण, जल-संरक्षण, प्लास्टिक-त्याग, जैविक खेती और नदी-सफाई जैसे अभियानों के माध्यम से संघ के स्वयंसेवक समाज में पर्यावरणीय संतुलन की चेतना फैला रहे हैं। प्रकृति केवल संसाधन नहीं, बल्कि सृजन की सहयात्री है। संघ का अभियान एक वृक्ष – मातृभूमि के नाम इस कृतज्ञता का प्रतीक है। यह केवल पर्यावरणीय कार्यक्रम नहीं, बल्कि भारतीय जीवन-दर्शन की पुनर्स्थापना है।

स्व आधारित जीवनशैली, पंच परिवर्तन का चौथा आयाम है। यह आर्थिक आत्मनिर्भरता के साथ-साथ सांस्कृतिक आत्मविश्वास का भी प्रतीक है। संघ का स्वावलंबन अभियान ग्रामीण और शहरी स्तर पर स्थानीय उत्पादन, हस्तशिल्प, खादी, चरखा, गौ-आधारित उद्योग और स्वदेशी उपक्रमों को प्रोत्साहन दे रहा है। यह केवल आर्थिक नीति नहीं, बल्कि आत्मगौरव का आंदोलन है। स्वदेशी केवल व्यापार की नीति नहीं, आत्मा की पुकार है। विदर्भ, केरल और पूर्वोत्तर भारत में ऐसे कई संघ-प्रेरित लघु उद्योग आत्मनिर्भरता के सशक्त उदाहरण बने हैं। स्व. का यह भाव भारत को आर्थिक रूप से स्वतंत्र और सांस्कृतिक रूप से स्वाभिमानी राष्ट्र बनाने की दिशा में अग्रसर है।

राष्ट्रीय चेतना और कर्तव्यपरायण नागरिक निर्माण

संघ के विचार में, राष्ट्र निर्माण का मूल कर्तव्यनिष्ठ नागरिक है। शाखाओं और प्रशिक्षण शिविरों में स्वयंसेवकों को सिखाया जाता है कि अधिकारों से पहले कर्तव्य का बोध आवश्यक है। जब हर व्यक्ति राष्ट्र को परिवार मानेगा, तब भारत विश्व का नेतृत्व करेगा। संघ के आपदा राहत, ग्राम स्वच्छता, शिक्षा सेवा केंद्र और स्वास्थ्य अभियानों के माध्यम से लाखों स्वयंसेवक सेवा और अनुशासन की भावना से समाज में सक्रिय हैं। यह परिवर्तन नागरिकता की एक नयी परिभाषा प्रस्तुत करता है, जहाँ राष्ट्र प्रथम सर्वोच्च मूल्य बन जाता है।

पंच परिवर्तन का यह सूत्र वास्तव में भारत के नवजागरण की दिशा में अग्रसर एक जीवंत अवधारणा है। यह भारत को सामाजिक रूप से समरस, पारिवारिक रूप से सुदृढ़, पर्यावरणीय रूप से संतुलित, आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और नागरिक रूप से कर्तव्यनिष्ठ बनाना चाहता है। संघ की शाखाएँ, सेवा योजनाएँ, शिक्षा संस्थान और ग्राम विकास कार्य झ्र सभी इस पंच परिवर्तन के सूत्र से जुड़े हुए हैं। यह केवल विचारधारा नहीं, बल्कि राष्ट्र पुनर्निर्माण की एक सतत प्रक्रिया है। यह विचार संघ की उस गहराई को प्रकट करता है जो भारत को आत्मा से जोड़ती है, कर्म से सशक्त करती है और विचार से प्रबुद्ध बनाती है। जब समाज का हर घटक अपने स्व की पहचान कर कर्तव्य के मार्ग पर चलता है, तब राष्ट्र केवल भौगोलिक इकाई नहीं रह जाता, वह जीवंत चेतना बन उठता है।

यही पंच परिवर्तन की आत्मा है – जो भारत को एक बार फिर विश्व में वसुधैव कुटुम्बकम के मंत्र का ध्वजवाहक बना सकती है।

## जीडीए ने तीन अलग अलग जोन में अवैध निमार्णों पर की सीलिंग व ध्वस्तीकरण की कार्रवाई

● जर्नी ऑफ सक्सैस





**गाजियाबाद।** जीडीए ने शुक्रवार को तीन अलग अलग जोन में अवैध निमार्णों पर की सीलिंग व ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। इसके साथ ही प्राधिकरण अधिकारियों ने अवैध निर्माण करने वालों को चेतावनी दी कि यदि फिर अवैध निर्माण किया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

जीडीए द्वारा प्रताप विहार, इंदिरापुरम क्षेत्र के साथ-साथ अटोर नगला में लगभग 10 बीघा में काटी जा रही अनाधिकृत कालोनी में बुलडोजर चलाकर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की।

जीडीए प्रभारी प्रवर्तन जोन-04 विजयनगर क्षेत्र में निर्माणकर्ता कु0 पूनम दुआ, शैलेश सिंह, निशान्त सिद्धु जगवीर सिंह तथा शैलेन्द्र यादव (निर्माणकर्ता) निर्माणकर्ता/संचालक पंकज गर्ग द्वारा कराये गये सभी निमार्णों को सील कर दिया गया। इससे पहले इन सबको कारण बताओं नोटिस तथा कार्य रोको नोटिस दिया गयाथा। किन्तु निर्माणकर्ता द्वारा सक्षम अधिकारी के समक्ष कोई लिखित उत्तर/साक्ष्य प्रस्तुत नहीं करने पर अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। अवैध निमार्णों के विरुद्व ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गयी।

इसके अलावा प्रभारी प्रवर्तन जोन-06 के इन्दिरापुरम आवासीय योजना के अन्तर्गत न्यायखण्ड-3 के भवन संख्या-594-सी, ज्ञानखण्ड-1 के भवन संख्या-58, शक्तिखण्ड-1 के भूखण्ड संख्या-333/10, इन्दिरापुरम पर सीलिंग की कार्यवाही की गई। इसके अतिरिक्त नीतिखण्ड-1 के भवन संख्या-905, शक्तिखण्ड-4 के भूखण्ड संख्या-899 एवं भवन संख्या-23बी इन्दिरापुरम पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई हुई।

जीडीए ने अपनी तीसरी कार्रवाई में अटोर नगला में लगभग दस बीघा में काटी जा रही अनाधिकृत कालोनी में चला प्राधिकरण का बुलडोजर चलाया।

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स के निर्देश पर प्रवर्तन जोन 1 के प्रभारी के नेतृत्व में अटौर नंगला में लगभग 10 बीघा में की जा रही प्लाटिंग पर बडी कार्यवाही की गई। खेती की भूमि पर जो इंटर लाकिंग टाइल्स लगायी गई थीं, उन्हें पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया।

## संतोष अस्पताल ने राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य में गाजियाबाद स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का किया आयोजन

● जर्नी ऑफ सक्सैस





**गाजियाबाद।** संतोष अस्पताल के रक्त केंद्र ने स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन करके राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वैच्छिक रक्तदान के महत्व और इसके जीवन रक्षक प्रभाव के बारे में जागरूकता फैलाना था।

कार्यक्रम में आईएमए गाजियाबाद के डॉ. अल्पना कंसल अध्यक्ष, डॉ. प्रह्लाद चावला निर्वाचित अध्यक्ष, डॉ. अर्चना शर्मा उपाध्यक्ष, डॉ. राजीव त्यागी सचिव

, डॉ. सारिका जैन कोषाध्यक्ष, डॉ. मनीष सभरवाल चिकित्सा निदेशक, डॉ. अल्पना अग्रवाल चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. शलभ गुप्ता डीन अकादमिक, डॉ. मयूरिका एस. त्यागी विभागाध्यक्ष, आईएचबीटी विभाग डॉ. अमित वर्मा - प्रमुख, ब्लड बैंक आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत गणमान्य व्यक्तियों के अभिनंदन के साथ हुई, जिसके बाद नेतृत्व के प्रेरक संबोधन हुए। रक्तदान की शक्ति पर प्रकाश डालने वाला एक प्रेरक वीडियो दिखाया गया और एक रक्तदाता प्रतिज्ञा समारोह आयोजित किया गया। जहां प्रतिभागियों ने नियमित रूप से रक्तदान करने और दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर बोलते हुए, डॉ. मयूरिका और डॉ. अमित ने इस बात पर जोर दिया कि स्वैच्छिक रक्तदान सुरक्षित रक्ताधान प्रथाओं की रीढ़ है। सामुदायिक भागीदारी से, किसी भी मरीज को कभी भी रक्त की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। संतोष अस्पताल के आईएचबीटी विभाग और रक्त केंद्र ने भविष्य में जागरूकता और रक्तदाता प्रेरणा कार्यक्रम जारी रखने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।


## जर्नी ऑफ सक्सैस परिवार की ओर से आप सभी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं



# आईजीआरएस में फिर नंबर वन बना मेरठ रेंज

## लगातार सातवीं बार हासिल किया प्रदेश में पहला स्थान

● जर्नी ऑफ सक्सैस



**मेरठ।** उत्तर प्रदेश सरकार की जनसुनवाई समन्वय शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) में मेरठ रेंज पुलिस ने एक बार फिर अपनी कार्यकुशलता और जवाबदेही का लोहा मनवाया है। माह सितंबर 2025 की मूल्यांकन रिपोर्ट में मेरठ परिक्षेत्र ने पूरे प्रदेश में लगातार सातवीं बार प्रथम स्थान प्राप्त कर एक नया रिकॉर्ड कायम किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा स्थापित आईजीआरएस पोर्टल जनता की शिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए बनाया गया एक प्रमुख मंच है। इस मंच पर शिकायतों के त्वरित निस्तारण में मेरठ रेंज लगातार अव्वल बना हुआ है।

पुलिस उप महानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र श्री कलानिधि नैथानी ने बताया कि सितंबर माह के दौरान आईजीआरएस, जनसुनवाई और सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर प्राप्त सभी शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण शासन की मंशानुरूप समयसीमा के अंदर किया गया। शिकायतों की जांच में पारदर्शिता और गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई, जिसके परिणामस्वरूप मेरठ रेंज ने प्रदेश के सभी परिक्षेत्रों में एक बार फिर पहला स्थान प्राप्त किया। डीआईजी नैथानी ने बताया कि यह सफलता केवल संख्यात्मक उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह पुलिस की संवेदनशीलता और जनता के प्रति जवाबदेही का प्रतीक है। उन्होंने परिक्षेत्र के सभी जनपद प्रभारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण केवल औपचारिकता न होकर, गुणवत्ता और जनसंतोष पर आधारित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण से जनता का पुलिस पर भरोसा बढ़ा है। अब लोग अपनी समस्याओं को निडर होकर पोर्टल पर दर्ज करा रहे हैं और पुलिस भी उसी गंभीरता से उनका समाधान कर रही है।

डीआईजी नैथानी ने कहा कि शासन की मंशा है कि हर नागरिक की शिकायत का समाधान समयबद्ध, विधिक और निष्पक्ष तरीके से हो। उन्होंने कहा 'जनता को त्वरित न्याय मिले, यही हमारी प्राथमिकता है। जब शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण होता है, तो जनता का विश्वास मजबूत होता है और पुलिस के खिलाफ आने वाली शिकायतों में भी स्वाभाविक रूप से कमी आती है।' मेरठ रेंज की यह उपलब्धि न केवल पुलिस की प्रतिबद्धता का प्रमाण है, बल्कि यह इस बात का भी संकेत है कि यदि निष्ठा और ईमानदारी से काम किया जाए, तो हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

### डीआईजी नैथानी ने अधिकारियों को दिए सख्त दिशा-निर्देश

- प्रत्येक शिकायत की जांच संबंधित अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर करें, केवल फोन या कार्यालय से रिपोर्ट न भेजें।
- थाना प्रभारी प्रत्येक प्रकरण में फीडबैक लेकर ही जांच आख्या पोर्टल पर अपलोड करें।
- थानों में IGRS और फीडबैक रजिस्टर को हमेशा अद्यावधिक रखा जाए।
- नोडल अधिकारी हर 15 दिन में समीक्षा कर शिकायतों की प्रगति का आकलन करें।
- जांच रिपोर्ट में घटनास्थल का लैटिट्यूड और लॉन्गिट्यूड (LAT-LONG) अवश्य अंकित किया जाए, ताकि रिपोर्ट में पारदर्शिता बनी रहे।

### जनसुनवाई में जनता की उम्मीदों को मिला सहारा

आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से अब आम नागरिक बिना थाने के चक्कर लगाए अपनी शिकायत सीधे शासन तक पहुंचा सकते हैं। मेरठ रेंज पुलिस की तत्परता और पारदर्शी जांच के चलते क्षेत्र में जनसंतोष का स्तर भी बढ़ा है।

लगातार सातवीं बार शीर्ष स्थान प्राप्त करने पर मेरठ रेंज के अधिकारियों और कर्मचारियों में उत्साह का माहौल है। डीआईजी नैथानी ने सभी पुलिसकर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरी टीम की मेहनत, ईमानदारी और समर्पण का नतीजा है।

# त्योहारी सुरक्षा पर मेरठ पुलिस का 'मिशन अलर्ट', डीआईजी ने खुद संभाली कमान

● जर्नी ऑफ सक्सैस



**मेरठ।** आगामी त्योहारों को देखते हुए मेरठ पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह से कमर कस ली है। पुलिस उप महानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र श्री कलानिधि नैथानी ने गुरुवार को एसपी सिटी श्री आयुष विक्रम सिंह के साथ शहर का भ्रमण कर सुरक्षा तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान डीआईजी ने सराफा मार्केट और भीड़भाड़ वाले बाजारों में पैदल गश्त कर व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की। डीआईजी ने सराफा दुकानों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए दुकानदारों और सुरक्षा गार्डों से बातचीत की तथा पुलिस बल को सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि त्योहारी सीजन में बाजारों में बढ़ती भीड़ के चलते असामाजिक तत्व सक्रिय हो सकते हैं, इसलिए हर थानाध्यक्ष अपने क्षेत्र में सराफा दुकानों के मेन गार्डों को ब्रीफ करें और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखें। डीआईजी नैथानी ने बताया कि मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत महिला सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बाजारों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और प्रमुख स्थानों पर महिला पुलिस की अतिरिक्त तैनाती की जा रही है, ताकि महिलाएं बिना किसी भय के सुरक्षित माहौल में खरीदारी कर सकें। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि सभी पुलिस अधिकारी नियमित रूप से अपने-अपने इलाकों में पैदल गश्त करें और व्यापारियों से संवाद बनाकर रखें। रात्रि गश्त को भी बढ़ाया जाए ताकि चोरी और लूट जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। डीआईजी कलानिधि नैथानी ने बताया कि 'त्योहारों के समय बाजारों में भीड़ बढ़ जाती है और इसी दौरान असामाजिक तत्व सक्रिय होने की कोशिश करते हैं। इसीलिए आज हमने स्वयं सराफा मार्केट और व्यस्त बाजारों में पैदल गश्त कर सुरक्षा तैयारियों का निरीक्षण किया है। हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर नागरिक, विशेषकर महिलाएं, बिना भय के त्योहारों का आनंद ले सकें। हमने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने क्षेत्र की सराफा दुकानों, प्रमुख बाजारों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस की सक्रिय उपस्थिति बनाए रखें। मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिला सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी थानों को निर्देशित किया गया है कि वे महिला हेल्प डेस्क को सुदृढ़ करें और महिलाओं से संबंधित शिकायतों पर तुरंत कार्यवाही सुनिश्चित करें।

# अब सड़कों पर नहीं चलेगी किसी की मनमानी, रसूखदार भी करेंगे आदेशों का पालन

## जातिसूचक शब्दों और मोडिफाइड साइलेंसर पर हापुड़ यातायात पुलिस करेगी कार्रवाई,



● जर्नी ऑफ सक्सैस

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के बाद पूरे प्रदेश में जातिसूचक शब्दों वाले वाहनों और मोडिफाइड साइलेंसरों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया गया है। इसी क्रम में हापुड़ यातायात पुलिस ने शुक्रवार को शहरभर में व्यापक अभियान चलाते हुए सख्त कार्यवाही की। टीएसआई कामेश कुमार के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम ने तहसील चौराहा, आंबेडकर तिराहा, अतरपुरा चौराहा, पक्केबाग और दिल्ली रोड सहित कई प्रमुख स्थानों पर वाहनों की चेकिंग की। इस दौरान कई बाइकों और चारपहिया वाहनों पर जातिसूचक शब्द लिखे मिले। पुलिस ने मौके पर ही ऐसे शब्द हटवाए और वाहन मालिकों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की। चेकिंग के दौरान पुलिस ने कुछ मोटरसाइकिलों में मोडिफाइड साइलेंसर भी पाए, जिनसे तेज आवाज और धुआं निकल रहा था। टीएसआई कामेश कुमार ने मौके पर ही साइलेंसर उतरवाए और 10 हजार रुपये तक के चालान काटे। पुलिस ने बताया कि ये साइलेंसर न केवल ध्वनि प्रदूषण फैलाते हैं बल्कि सुरक्षा के लिहाज से भी बेहद खतरनाक हैं।

कार्यवाही के दौरान कई वाहन चालक पुलिस से उलझते नजर आए। कुछ ने अपने सोर्स और रुतबे का हवाला देकर कार्यवाही रोकने की कोशिश की, लेकिन टीएसआई कामेश कुमार ने किसी की एक न सुनी। उन्होंने साफ कहा कि कानून सभी के लिए समान है और किसी भी व्यक्ति को नियम तोड़ने की अनुमति नहीं दी जा सकती। टीएसआई कामेश कुमार ने बिना हेलमेट बाइक चलाने वालों और तीन सवारी बैठाकर चलने वालों पर भी शिकंजा कसा। उन्होंने ऐसे चालकों को न केवल चालान कर दंडित किया बल्कि सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया। यातायात पुलिस का कहना है कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। यदि कोई व्यक्ति वाहन पर जातिसूचक शब्द लिखवाता है या मोडिफाइड साइलेंसर लगाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी। टीएसआई कामेश कुमार ने कहा 'मुख्यमंत्री जी के आदेश के अनुसार यह अभियान लगातार जारी रहेगा। किसी भी कीमत पर कानून तोड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। चाहे वह किसी भी वर्ग या रुतबे का व्यक्ति क्यों न हो।' हापुड़ यातायात पुलिस की इस सख्ती से जहां शहर में जागरूकता बढ़ी है, वहीं लोगों में यह संदेश भी गया है कि सड़क पर अब नियमों की अवहेलना नहीं चलेगी।

# हापुड़ में डॉ. पदम सिंह बने कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष, साहिल खान को मिली बाबूगढ़ नगर पंचायत की कमान

## जिला कांग्रेस कार्यालय पर हुआ स्वागत, युवाओं और पेशेवरों की टीम से संगठन को नई मजबूती की तैयारी

● जर्नी ऑफ सक्सैस





**हापुड़।** जनपद हापुड़ की कांग्रेस इकाई में शुक्रवार का दिन नई उम्मीदों और ऊर्जा से भरा रहा। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन को नई दिशा देने के उद्देश्य से दो महत्वपूर्ण नियुक्तियाँ की गईं–जहां अर्जुन नगर निवासी डॉ. पदम सिंह साहनी को चिकित्सा प्रकोष्ठ कांग्रेस का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया, वहीं साहिल खान को बाबूगढ़ नगर पंचायत कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इन दोनों नियुक्तियों के बाद जिला कांग्रेस कार्यालय हापुड़ में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। कार्यकताओं ने फूल-मालाओं से स्वागत करते हुए दोनों नेताओं को बधाई दी और 'कांग्रेस जिंदाबाद' के नारों से कार्यालय परिसर गुंजा उठा।

कार्यक्रम के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश त्यागी ने दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपा और उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस का जनाधार हापुड़ जनपद में लगातार बढ़ रहा है। जनता अब भाजपा की नीतियों से परेशान होकर कांग्रेस को नई उम्मीद के रूप में देख रही है। पार्टी में युवाओं और शिक्षित वर्ग के लोगों का जुड़ना संगठन को नई मजबूती प्रदान करेगा।' उन्होंने आगे कहा कि डॉ. पदम सिंह जैसे अनुभवी चिकित्सक और साहिल खान जैसे ऊर्जावान युवा नेतृत्व के जुड़ने से संगठन में नई सोच और नई दिशा का समावेश होगा।

चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बने डॉ. पदम सिंह ने कहा–सेवा ही मेरा धर्म है और चिकित्सा प्रकोष्ठ के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष डॉ. पदम सिंह साहनी ने अपने संबोधन में कहा कि वह कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के आभारी हैं जिन्होंने उन पर यह जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस पार्टी हमेशा से सेवा, समानता और संवेदना की प्रतीक रही है। मैं चिकित्सा क्षेत्र में कार्यरत सभी चिकित्सकों को पार्टी की विचारधारा से जोड़ने का कार्य करूंगा और समाज के हर वर्ग की सेवा के लिए तत्पर रहूंगा।' युवा नेता साहिल खान ने कहा, संगठन की उम्मीदों पर खरा उतरूंगा, बाबूगढ़ नगर पंचायत कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष साहिल खान ने कहा, 'कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी जी ने जिस विश्वास के साथ मुझे यह जिम्मेदारी सौंपी है, मैं उसे कभी टूटने नहीं दूंगा। संगठन को मजबूत करने, जनता की समस्याओं को आवाज देने और युवाओं को कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करूँगा।'

इस अवसर पर पूर्व विधायक गजराज सिंह ने भी दोनों नेताओं को शुभकामनाएं दीं और कहा कि कांग्रेस का भविष्य अब युवाओं और शिक्षित वर्ग के हाथों में सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के युवा कार्यकर्ता ही आने वाले समय में संगठन को गांव-गांव तक सशक्त बनाएंगे। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष विक्की शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष भरतलाल शर्मा, जिला महासचिव एवं गढ़ ब्लॉक प्रभारी गौरव गर्ग, कंट्रोल रूम प्रभारी गोपाल भारती, लोकपाल सागर, जिला सचिव अनूप कर्दम, डालचंद सिंह, रामफल त्यागी, महबूब अली, विजय सैनी सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा कि संगठन का लक्ष्य जनता की समस्याओं को लेकर सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करना है। डॉ. पदम सिंह और साहिल खान जैसी ऊर्जावान टीम कांग्रेस को नई मजबूती देगी और आने वाले चुनावों में जनपद हापुड़ में कांग्रेस का परचम लहराएगी।

# हापुड़ नगर पुलिस का बड़ा एक्शन, 5 शातिर चोर गिरफ्तार

## चोरी की भैंस और बुलेरो बरामद



● जर्नी ऑफ सक्सैस

**हापुड़।** हापुड़ नगर पुलिस ने एक बार फिर अपनी तत्परता और दक्षता का प्रदर्शन करते हुए जिले में चोरी और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई की है। कोतवाली हापुड़ नगर पुलिस ने विशेष अभियान के तहत 5 शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया, जिनके कब्जे से चोरी की गई भैंस, चोरी में प्रयुक्त वाहन बुलेरो मैक्सपिकअप, साथ ही अवैध असलहा और नाजायज चाकू बरामद किया गया। कोतवाली हापुड़ नगर प्रभारी देवेंद्र बिष्ट के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। प्रभारी बिष्ट की सूझ-बूझ और सतर्कता के कारण चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण हुआ और अपराधियों को कानून के शिकंजे में लाया गया। गिरफ्तार अपराधियों में अमन, मंगतू, कुलदीप, कपिल, महताब हैं। पुलिस अधीक्षक हापुड़ कुंवर ज्ञानंजय सिंह के निर्देशानुसार, कोतवाली हापुड़ नगर पुलिस ने थाना में पंजीकृत चोरी से संबंधित मु.अ.सं. 623/2025, धारा 303(2) BNS का सफल अनावरण किया। गिरफ्तार अभियुक्तों को थाना हाजत में रखकर धारा 3/4/25 आर्म्स एक्ट के तहत आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। कोतवाली प्रभारी देवेंद्र बिष्ट ने इस अभियान के दौरान अपनी सूझ-बूझ और तेज निर्णय क्षमता का परिचय दिया। उन्होंने अपराधियों की गिरफ्तारी और बरामदगी की पूरी योजना स्वयं बनाई और पुलिस टीम का नेतृत्व करते हुए अपराधियों को पकड़ने में अहम भूमिका निभाई। प्रभारी बिष्ट के कुशल निर्देशन से ही चोरी के वाहन और भैंस सहित अवैध असलहा बरामद किया जा सका। पुलिस अधीक्षक हापुड़ ने भी इस कार्यवाही की सराहना करते हुए कहा कि 'कोतवाली हापुड़ नगर के प्रभारी देवेंद्र बिष्ट और उनकी टीम ने अपनी तत्परता और समर्पण से अपराधियों को कानून के शिकंजे में लाया है। इस तरह की कार्रवाइयाँ जनता के विश्वास को मजबूत करती हैं और अपराधियों के मनोबल को तोड़ती हैं।'

# बन्द दुकानों और मकानों में वारदात करने वाला शातिर अपराधी गिरफ्तार, हथियार बरामद

● जर्नी ऑफ सक्सैस

**पिलखुवा (हापुड़)।** जनपद हापुड़ में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पिलखुवा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने बन्द दुकानों और मकानों में चोरी करने वाले एक शातिर चोर सरफराज पुत्र गफ्फार को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की वेगनआर कार, भारी मात्रा में चोरी का सामान, सफेद धातु के आभूषण और एक अवैध तमंचा बरामद हुआ है।

पुलिस के अनुसार अभियुक्त अपने फरार साथी के साथ मिलकर शहर में रैकी कर बन्द दुकानों और मकानों को निशाना बनाता था। मौका पाकर यह गिरोह चोरी की वारदातों को अंजाम देता था और चोरी का माल अलग-अलग जगहों पर छिपा देता था। थाना पिलखुवा पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर बडौदा हिंदुवान जाने वाले रास्ते पर रेलवे फाटक से पहले ट्यूबवेल के पास दबिश देकर अभियुक्त सरफराज को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान पुलिस को चोरी का भारी सामान और अवैध असलहा बरामद हुआ।



थाना प्रभारी पिलखुवा पुलिस टीम की इस त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत यह गिरफ्तारी पुलिस की मुस्तैदी का परिणाम है। उन्होंने बताया कि फरार अभियुक्त की तलाश में पुलिस टीम दबिश दे रही है और शीघ्र ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। थाना पिलखुवा प्रभारी पटनिश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त सरफराज शातिर किस्म का चोर है, जो अपने साथी के साथ मिलकर लंबे समय से चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा था।

# २0 अक्टूबर को ही मनाई जाएगी दीपावली, ज्योतिष महासभा ने किया संशय का अंत

## भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा ने विद्वानों की बैठक में सर्वसम्मति से लिया निर्णय, पंचदिवसीय पर्व रहेगा 18 से २3 अक्टूबर तक

● जर्नी ऑफ सक्सैस



**हापुड़।** बुलंदशहर रोड स्थित माँ मंशा देवी मंदिर परिसर में रविवार को भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा की विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में दीपावली पर्व की तिथि को लेकर चल रहे संशय पर विद्वानों ने गहन विचार-विमर्श किया। करीब ढाई घंटे तक चली इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष दीपावली का मुख्य पर्व 20 अक्टूबर (सोमवार) को मनाया जाएगा। महासभा के अध्यक्ष पंडित के. सी. पाण्डेय 'काशी वाले' की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में धर्मशास्त्रों, पंचांगों और ज्योतिषीय गणनाओं के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला गया कि 20 अक्टूबर को ही प्रदोषकाल और निशीथकाल दोनों में पूर्ण अमावस्या प्राप्त हो रही है। इस कारण यही दिन लक्ष्मी पूजन, दीपदान और उत्सव के लिए सर्वश्रेष्ठ व शास्त्रसम्मत माना गया।

महासभा संरक्षक और केंद्रीय ज्योतिष विश्व विद्यालय के पूर्व निदेशक डॉ. वासुदेव शर्मा ने बताया कि निर्णयसिंधु, धर्मसिंधु, पुरुषार्थ चिंतामणि, तिथि-व्रतराज, स्कंदपुराण, मत्स्यपुराण और नारदपुराण जैसे अनेक धर्मग्रंथों में वर्णित तिथि-नियमों के अनुसार इस बार की पूर्ण अमावस्या 20 अक्टूबर को प्रदोषकाल में ही प्राप्त हो रही है। उन्होंने कहा कि 21 अक्टूबर को अमावस्या मात्र 14 मिनट के लिए प्रदोषकाल में रहेगी, जो 'एक घटी से भी कम' है अतः वह तिथि अपूर्ण मानी जाएगी। इसके विपरीत 20 अक्टूबर को प्रदोषकाल और निशीथकाल दोनों में पूर्ण अमावस्या होगी, इसलिए उसी दिन दीपावली मनाना उचित और शास्त्रसम्मत है।

श्री रघुनाथ मंदिर के पुजारी आचार्य सर्वेश तिवारी ने कहा कि निर्णयसिंधु के अनुसार पितरों के श्राद्ध, तर्पण, दीपदान और लक्ष्मी पूजन हेतु चतुर्दशी व अमावस्या दोनों तिथियाँ ग्रा' मानी गई हैं। अतः 20 अक्टूबर को किसी भी प्रकार का संशय नहीं रह जाता। महासभा समन्वयक पंडित अजय पाण्डेय ने बताया कि महासभा की पत्रिका में मार्च माह में ही दीपावली की तिथि 20 अक्टूबर घोषित की जा चुकी थी। फिर भी जन-अपेक्षा को देखते हुए विद्वानों की यह पुनः बैठक बुलाई गई थी।

### दीपोत्सव के प्रमुख पूजन मुहूर्त घोषित

- 18 अक्टूबर (शनिवार) धन्वंतरि पूजन– सायं 5 :46 बजे से 7 :21 बजे तक
- 19 अक्टूबर (रविवार) धनतेरस खरीदारी– दोपहर 12 :19 बजे से सायं 4 :20 बजे तक, रात्रि 8 :55 बजे से 1 :38 बजे तक
- 20 अक्टूबर (सोमवार) दीपावली पूजन– सायं 5 :44 बजे से 7 :19 (मेष लग्न), सायं 7 :05 से रात्रि 9 :01 (वृषभ लग्न), निशीथकाल 1 :36 से 3 :53 (सिंह लग्न)
- 22 अक्टूबर (बुधवार) गोवर्धन पूजन– सुबह 6 :23 से 9 :13 तक, सायं 6 :59 से 8 :55 तक
- 23 अक्टूबर (गुरुवार) भाईदूज तिलक– सुबह 10 :38 बजे से दोपहर 1 :27 बजे तक

### पंचदिवसीय दीपोत्सव पर्व रहेगा 18 से २3 अक्टूबर तक

महासभा अध्यक्ष पंडित के. सी. पाण्डेय ने कहा कि इस वर्ष दीपोत्सव का शुभारंभ 18 अक्टूबर (शनिवार) से धनतेरस पूजन के साथ होगा, जबकि समापन 23 अक्टूबर (गुरुवार) को भाईदूज के पर्व पर होगा। उन्होंने बताया कि स्वाति नक्षत्र इस बार प्रदोषकाल में किसी भी दिन नहीं पड़ रहा, किंतु अमावस्या पूर्ण होने के कारण 20 अक्टूबर का दिन सर्वश्रेष्ठ रहेगा।

बैठक में महासभा संरक्षक पंडित हरीश शर्मा, उपाध्यक्ष पंडित गौरव कौशिक, मंत्री डॉ. करुण शर्मा, प्राचीन शिव मंदिर पुजारी पंडित माधव राम शर्मा, श्री हनुमान मंदिर मिलक पुजारी पंडित जगदंबा शर्मा, प्राचीन शिव मंदिर असौड़ा के पुजारी पंडित राहुल शर्मा, माँ दुर्गा मंदिर पुजारी पंडित सुधाकर अवस्थी, शिव माता मंदिर पुजारी पंडित गौरीशंकर त्रिवेदी, श्री नीलकंठ महादेव मंदिर के पुजारी पंडित शैलेन्द्र मिश्रा शास्त्री, श्री रघुनाथ मंदिर पुजारी आचार्य सर्वेश तिवारी, महासभा प्रवक्ता पंडित अजय शर्मा, शीतला मंदिर पुजारी पंडित शैलेन्द्र अवस्थी, मंशा देवी मंदिर पुजारी पंडित सुधाकर, तथा महासभा मीडिया प्रभारी एस्ट्रो धर्मेंद्र बंसल सहित बड़ी संख्या में आचार्यगण एवं ज्योतिषाचार्य उपस्थित रहे।

## वाल्मीकि जयंती पर एक सप्ताह तक चले कार्यक्रम का समापन

# वाल्मीकि समाज के बिना देश-दुनिया नहीं चल सकती: नरेन्द्र कश्यप

**समापन समारोह**

- समापन समारोह में नगर निगम के 20 सुपरवाइजर, सफाई कर्मचारियों सहित सैंकड़ों लोग सम्मानित
- वाल्मीकि शोभायात्रा में झांकियों ने मन मोहा

● जर्नी ऑफ सक्सैस






**गाजियाबाद।** भगवान महर्षि वाल्मीकि जयंती पर एक सप्ताह तक होने वाले कार्यक्रमों का गुरुवार को समापन हो गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि वाल्मीकि समाज के बिना देश और दुनिया की कल्पना नहीं की जा सकती। वाल्मीकि समाज के लोगों का जितना योगदान दुनिया को मिला, उतना किसी अन्य धर्म का नहीं मिला। उन्होंने कहा 2014 में भाजपा की केन्द्र में सरकार बनने पर वाल्मीकि जयंती सरकार और संगठन दोनों मनाते हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी ऐतिहासिक रूप से बाल्मीकि जयंती को मनाने का संकल्प लिया। भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने घोषणा है कि वाल्मीकि समाज के 100 लोगों को मैं अपने आवास पर जल्दी ही बुलाकर उनका सम्मान और भोजन की व्यवस्था करूंगा, क्योंकि मेरी माता को महापौर रहने के दौरान वाल्मीकि समाज के प्रति गहरा लगाव था। सपा प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग ने कहा कि भगवान वाल्मीकि यदि ना होते तो दुनिया में राम को कोई नहीं जानता। उन्होंने वाल्मीकि समाज के लोगों से प्रार्थना की कि भगवान महर्षि वाल्मीकि पार्क में कास्य की प्रतिमा लगाई जाएगी।

कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे मास्टर अमी चंद्रा ने महानगर कमेटी के सभी लोगों का आभार किया। उन्होंने कहा कि बारिश के बावजूद शानदार ढंग से शोभायात्राएं निकली गईं। उन्होंने महामंत्री प्रदीप चौहान वाल्मीकि का भी आभार जताया। कार्यक्रम में कुमारी रितु पर्चा ने अपने संबोधन से सबको प्रभावित किया। समापन समारोह में सैकड़ो की संख्या में महिला-पुरुषों को सम्मानित किया गया। सम्मानित किये जाने जाने वालों में नगर निगम के 20 सुपरवाइजर और सफाई कर्मचारी भी शामिल हैं। नवयुग मार्केट स्थित भगवान महर्षि वाल्मीकि पार्क में हुए समापन समारोह कार्यक्रम में राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप, भाजपा महानगराध्यक्ष मयंक गोयल, सपा प्रदेश सचिव अभिषेक गग, पूर्व विधायक कृष्णवीर सिरोही आदि अतिथियों के रुप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर कमेटी के अध्यक्ष अमीचंद्र खैरा व संचाल भाजपा नेता व महानगर कमेटी महामंत्री प्रदीप चौहान वाल्मीकि ने किया। इस अवसर पर शोभा यात्रा की झांकी में भाग लेने वाले, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, आदि में शिरकरत करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। सम्मानित करने वालों में अशोक मकवाना, सुभाष रामबाबू हजारिया, सतीश पर्चा, शक्ति जीनवाल, ओम पर्चा, सूरज वाल्मीकि, शनि वाल्मीकि, अजय हितेषी, अंकुश चड्ढ़ा, बलबीर वाल्मीकि, राजेंद्र ढिल्लों, अजय धीमान, संजय दत्त, जगमोहन वाल्मीकि, संजय टांक, वाल्मीकि कुंज, सोनू धीमान, संजीव वाल्मीकि आदि सैकड़ो वाल्मीकि समाज के लोग उपस्थित थे।

## 12 अक्टूबर को होगी जयंत चौधरी की अमरोहा में रैली: चौधरी तेजपाल सिंह




● जर्नी ऑफ सक्सैस

**अमरोहा।** अमरोहा के कस्बा रजबपूर में 12 अक्टूबर को आयोजित राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी की रैली की तैयारियां जोरों पर हैं। इसका निरीक्षण करने मुरादाबाद मंडल प्रभारी एवं राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य चौधरी तेजपाल सिंह पहुंचे।

उन्होंने कहा कि रैली की तैयारी मजबूती के साथ चल रही है और क्षेत्र में भी लोगों से जनसंपर्क किया जा रहा है।

बड़ी संख्या में 12 अक्टूबर को केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी का भाषण सुनने के लिए आपार भीड़ जुटेगी।

# मनी मेराज ने किया था कोर्ट मैरिज के लिए आवेदन

### धर्म परिवर्तन का एंगल आने पर बढ़ सकती हैं मुश्किलें

● जर्नी ऑफ सक्सैस



**गाजियाबाद।** यूटयूबर मनी मैराज के मामले में मुकदमा दर्ज होने और बिहार से गिरफ्तार करने के बाद पुलिस अब उसकी कुंडली खंगालने में जुटी है। मनी मैराज ने मुंबई के एक अधिवक्ता के जरिए कोर्ट मैरिज का आवेदन किया था। पुलिस अब उक्त आवेदन को लेकर जांच में जुटी है कि क्या उसने युवती का नाम और धर्म कोर्ट मैरिज के लिए किये गए आवेदन में बदला था।

खोड़ा थाना क्षेत्र में रहने वाली युवती यू-ट्यूबर मनी मेराज के प्रोडक्शन हाउस में काम करती थी। दोनों की कई फिल्में और गाने भी यू-ट्यूब पर बहुत फेमस हैं। युवती का आरोप था कि खोड़ा क्षेत्र एक होटल में मनी मेराज ने उसे शीतल पेय में नशीला पदार्थ मिलकर पिला दिया और बेहोश होने पर दुष्कर्म किया। होश में आने पर जब युवती ने विरोध किया तो मनी मेराज ने शादी का आश्वासन दिया। आरोप है कि दबाव बनाने पर मनी मेराज ने मंगलसूत्र बांधकर और सिंदूर लगाकर शादी तो की लेकिन, बाद में धर्म परिवर्तन करने और गोमांस खाने का दबाव भी बनाया। मनी मेराज ने पहले से शादीशुदा होने की बात भी युवती से छुपाई।

पुलिस ने मामले में 22 सितंबर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस ने मनी मेराज को चार अक्तूबर को पटना से गिरफ्तार कर लिया था और गाजियाबाद में अदालत में पेश करने के बाद उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मामले में पुलिस धर्म परिवर्तन के आरोपों को खंगाल रही है।

## मानसिक विक्षिप्त किशोरी को तीन घंटे में बरामद कर परिजनों को सौंपा

● जर्नी ऑफ सक्सैस



**गाजियाबाद।** नंदग्राम थाना क्षेत्र स्थित पिंक बूथ क्षेत्र से संदिग्ध हालात में लापता हुई 13 वर्षीय मानसिक विक्षिप्त किशोरी को पुलिस टीम ने महज तीन घंटे में ही सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। एसीपी नंदग्राम उपासना पांडेय ने बताया कि 10 अक्तूबर को एक महिला ने नंदग्राम थाना क्षेत्र स्थित पिंक बूथ पर सूचना दी कि उनकी पुत्री उम्र 13 वर्ष जो मानसिक रूप से कमजोर है बिना बताए घर से कहीं चली गयी है। एसीपी ने बताया कि उपरोक्त घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए, थाना स्तर पर पिंक बूथ प्रभारी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया तथा बीट प्रणाली का सदुपयोग करते हुए बीट ग्रुप व स्थानीय लोगों के सहयोग से सूचना का प्रसार करा कर तथा संभावित स्थानों, बस स्टेशन व रेलवे स्टेशन आदि पर तलाश शुरू कर दी गई। इस दौरान पुलिस टीमों ने महज तीन घंटे में ही किशोरी को प्राचीन शिव मन्दिर सिहानी से सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। किशोरी का पाकर परिजनों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने पुलिस का आभार व्यक्त किया।

## ग्रीनमैन विजयपाल बघेल डॉ बीआर अम्बेडकर नेशनल अवॉर्ड-2025 से होंगे सम्मानित

### 14 अक्टूबर को नई दिल्ली में पर्यावरण क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवा के लिए मिलेगा सम्मान

● जर्नी ऑफ सक्सैस



**गाजियाबाद।** नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में 14 अक्टूबर को खेल, शिक्षा, पर्यावरण, समाजसेवा एवं साहित्य आदि क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली विभूतियों को डॉ बीआर अम्बेडकर नेशनल अवॉर्ड-2025 प्रदान किए आएंगे। इस क्रम में पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में समाज सेवा कर रहे ग्रीन मैन ऑफ इंडिया विजयपाल बघेल को चयनित किया गया है। भारतीय वृक्ष न्यास (ट्री ट्रस्ट ऑफ इंडिया) के चेयरमैन विजयपाल बघेल को डॉ बीआर अम्बेडकर नेशनल अवॉर्ड-2025 के लिए नामित होने पर पर्यावरण प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। गौरतलब है कि ग्रीनमैन विजयपाल बघेल पिछले चार दशकों से प्रकृति रक्षा हेतु समर्पित होकर भावी पीढ़ी के लिए प्रेरणाश्रोत बन रहे हैं। इनको प्रकृति सेवा के क्षेत्र में विशेष योगदान देने पर सैकड़ों राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मान, पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्राप्त हुए हैं। ग्रीनमैन बघेल के नेतृत्व में विभिन्न पर्यावरणीय आंदोलन संचालित किए जा रहे हैं जिनमें मिशन सवा सौ करोड़, ग्रीन वाल ऑफ इंडिया, गौरादेवी जन्म शताब्दी वर्ष, झोला आंदोलन, ग्लोबल ग्रीन पीस मिशन, भारत माता उद्यान योजना, अरण्य तीर्थ विकास अभियान, वर्ल्ड ट्री डे नेटवर्क आदि दर्जनों हरित क्रांति लाने वाले जनांदोलन हरित सत्याग्रह के माध्यम से सक्रिय हैं। वर्ष 2025 को चिपको आंदोलन की प्रणेता गौरादेवी के जन्म शताब्दी वर्ष के रूप में मनाकर सौ गौरा देवी वाटिका विकसित की जा रही हैं। चिपको स्मृति स्थल को राष्ट्रीय धरोहर घोषित कराए जाने की मांग के साथ जगह जगह गौरा देवी जन्म शताब्दी महोत्सव मनाए जा रहे हैं।

# मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर सपा कार्यालय में किया गया शांति पाठ व हवन

● जर्नी ऑफ सक्सैस



**गाजियाबाद।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर शुक्रवार को नेता जी मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर सपाइयों ने शांति पाठ एवं हवन किया गया। इस मौके पर सपा कार्यकताओं ने हवन में आहुति देकर नेताजी की दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

पुण्यतिथि पर एक श्रद्धांजलि सभा व विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया, जिसमे सपा नेताओं ने नेताजी को स्मरण कर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके उपरांत शास्त्री नगर स्थित घरौंदा अनाथ आश्रम जाकर जरूरतमंद बच्चों को खाने पीने की सामग्री एवं पठन पाठन किताबें अभ्यास पुस्तके वितरित की।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष,फैसल हुसैन एडवोकेट, महानगराध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट, जिला महासचिव नितिन त्यागी, राजन कश्यप पूर्व जिला अध्यक्ष साजिद हुसैन, पूर्व महानगर अध्यक्ष जेपी कश्यप, पूर्व जिला अध्यक्ष राशिद मलिक, पूर्व महानगर अध्यक्ष राहुल चौधरी, राष्ट्रीय सचिव रमेश प्रजापति, जिला कोषाध्यक्ष मनीष बंसल, जिला उपाध्यक्ष परवेज चौधरी, संजीव चौधरी, सतेंद्र शर्मा, प्रवेश बसोया, जितेंद यादव, प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग, बाबू सिंह आर्य, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्रवण त्यागी, पूर्व प्रत्याशी विशाल वर्मा, वरिष्ठ नेता रमेश यादव, प्रदेश महासचिव महिला सभा मधु चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला सभा राजदेवी चौधरी, महानगर उपाध्यक्ष मनोज पंडित, महानगर उपाध्यक्ष गुलाब यादव, इरफान अमानत चौधरी, असलम चौधरी, अंशु ठाकुर, विक्की ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य विकास यादव, कर्मवीर सिंह जाटव, महिला सभा जिला अध्यक्ष दुर्गेश चौधरी महिला सभा, महानगर अध्यक्ष किरण कालिया, पूर्व जिला अध्यक्ष छात्र सभा मनीषा त्यागी. ताहिर हुसैन राहुल पंडित आदि सपाइयों ने भाग लिया।

# महिला समेत तीन लोगों के साथ 41.48 लाख रुपये की ठगी

### शेयर ट्रेडिंग में निवेश व कमाई का झांसा देकर की गई धोखाधड़ी

● जर्नी ऑफ सक्सैस





**गाजियाबाद।** साइबर ठगों ने विजयनगर निवासी एक महिला के साथ शेयर ट्रेडिंग में मुनाफे का झांसा देकर 39 लाख रुपये ठग लिए। इसके अलावा विजयनगर थाना क्षेत्र में रहने वाले व्यक्ति के साथ साइबर ठगों ने धोखाधड़ी कर खाते से तीन बार में 88 हजार रुपये निकाल लिए। विजयनगर थाना क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति के साथ साइबर ठगों ने टेलीग्राम एप्लीकेशन पर लिंक भेजने के बाद कमाई का झांसा दिया और फिर धीरे-धीरे कई बार में पीड़ित से एक लाख 60 हजार रुपये की ठगी कर डाली।

बबीता पाल ने बताया कि अगस्त में उन्होंने फेसबुक पर शेयर ट्रेडिंग का एक विज्ञापन देखा जिस पर क्लिक करने पर वह एक व्हाट्सऐप ग्रुप में जुड़ गईं। उस ग्रुप में आयुषी मेहता ने उनसे संपर्क किया और शेयर ट्रेडिंग के बारे में जानकारी दी। उसने बताया कि वह मोतीलाल ऑस्वाल के एक प्रोग्राम के बारे में बताया। इसके बाद उनसे एक ऐप डाउनलोड कराई और फिर निवेश के लिए प्रेरित किया। उन्हें बताया गया कि निवेश करने पर पांच प्रतिशत का मुनाफा होगा। उन्होंने लालच में आकर धीरे-धीरे निवेश करना शुरू किया। करीब डेढ़ महीने में उन्होंने 38.96 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। ऐप के वॉलेट में मुनाफे के साथ काफी रकम हो गई। उन्होंने रकम निकालने का प्रयास किया तो शातिरों ने बताया कि उनका करीब 56 लाख रुपये मुनाफा हुआ है। ऐसे में उन्हें 20 प्रतिशत करीब 11.36 लाख रुपये ब्रोकर फीस के रूप में देने होंगे तभी रकम मिलेगी। इससे उन्हें शक हुआ। इसके अलावा विजयनगर थाना क्षेत्र की एक सोसाइटी में रहने वाले योगेश भारद्वाज की तरफ से मुकदमा दर्ज कराया गया है। योगेश भारद्वाज ने पुलिस को बताया कि दो फरवरी 2025 को दिन में दो बजे उनके पास मैसेज आया था। इसी दौरान उनके खाते से साइबर ठगों ने तीन बार में 88 हजार रुपये खाते से निकाल लिए गए। विजयनगर पुलिस का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। विजयनगर थाना क्षेत्र के सेक्टर नौ में रहने वाले अभिषेक की तरफ से विजयनगर थाने में साइबर फ्रॉड का मुकदमा दर्ज कराया गया है। अभिषेक ने पुलिस को बताया कि 20 जुलाई की शाम साढे पांच बजे वह टेलीग्राम एप्लीकेशन चला रहा था। इसी दौरान उसके पास एक लिंक आया, जिसमें कमाई का झांसा दिया गया। पीड़ित के अनुसार साइबर ठगों ने शुरू में थोडा निवेश कराया और बाद में धीरे-धीरे करके 1.60 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित ने आरोपियों से पैसा मांगना शुरू किया तो आरोपियों ने उसका खाता बंद कर दिया। एडीसीपी क्राइम पियूष सिंह ने बताया कि तीनों मामलों में शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## आसिफ हत्याकांड में फरार एक और आरोपी गिरफ्तार

● जर्नी ऑफ सक्सैस



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद। मसूरी थाना क्षेत्र में रहने वाले आसिफ नामक युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने फरार चल रहे एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी से वारदात के संबंध में पूछताछ की जा रही है। इस मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए गुरूवार को पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

मसूरी पुलिस के अनुसार मसूरी क्षेत्र के सिकरोड़ा फाटक के पास मंगलवार रात हुई स्कूटी सवार आसिफ की हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस ने गुरुवार को आसिफ की पत्नी प्राची उर्फ अरशी समेत पांच आरोपियों को जेल भेजा था। एसीपी मसूरी लिपि नगायच ने पकड़ा गया फरार आरोपी वेव सिटी के डासना निवासी गुलफाम है। पूछताछ में उसने बताया कि सात अक्टूबर को हुई आसिफ की हत्या के मामले में वह भी शामिल था। घटना के समय वह मौके से भाग गया था। एसीपी ने बताया मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# त्रिशूर में हजारों भक्तों ने श्रीमहंत नारायण गिरि का किया स्वागत

### राजस्थान सेवा संघ, मारवाडी समाज व 36 कौम के राजस्थानी लोगों ने महाराजश्री से भेंटकर लिया आशीर्वाद

● जर्नी ऑफ सक्सैस




**केरल।** केरल की सात दिवसीय देवदर्शन, अनुष्ठान व धर्मयात्रा के दौरान सिद्धपीठ श्री दूधेश्वरनाथ मठ महादेव मंदिर के पीठाधीश्वर, जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता एवं दिल्ली संत मंडल के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज का जगह-जगह स्वागत-अभिनंदन किया जा रहा है। हजारों भक्त उनसे भेंटकर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। त्रिशूर में राजस्थान सेवा संघ, मारवाडी समाज व 36 कौम के राजस्थानी लोगों ने एमजी रोड स्थित मोंती महल में महाराजश्री के सम्मान में स्वागत समारोह का आयोजन किया, जिसमें हजारों भक्तों ने उनका स्वागत अभिनंदन किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। भाजपा की महामंत्री शोभा सुरेंद्र ने भी उनका स्वागत व अभिनंदन किया। समाज की ओर से शोभा सुरेंद्र, भाजपा के मंडल अध्यक्ष राघवेंद्र राज, प्रवीण राज को भी सम्मानित किया गया। श्रीमहंत नारासण गिरि महाराज ने कहा कि केरल हरिहर यानि भगवान विष्णु व भगवान शिव की भूमि है। यहां पर एक और जहां विश्व प्रसिद्ध भगवान गुरुवायूरप्पन यानि भगवान श्रीकृष्ण का मंदिर, त्रिप्रायर श्रीराम मंदिर हैं तो वहीं दूसरी तरफ पेरुवनम महादेव मंदिर, पुन्कुन्नम शिव मंदिर व वडक्कुनाथन मंदिर जैसे विश्व विख्यात शिव मंदिर भी है।

वास्तव में केरल एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार रूप दे रहा है। भगवान कृष्ण ने मथुरा में जन्म लिया और गोकुल में वे उनका पालन-पोषण हुआ और यहां केरल में उनका विश्व प्रसिद्ध भगवान गुरुवायूरप्पन मंदिर है, जिसमें भगवान कृष्ण बाल रूप में साक्षात विराजमान हैं।

इसी प्रकार भगवान राम व उनके भाईयों भरत, लक्ष्मण व शत्रुघ्न का जन्म अयोध्या में हुआ और चारों भाईयों की मूर्तियां त्रिप्रयार के किनारे वक्केल कैमल को मिली थींए जिसने उन्हें उन मूर्तियों को क्रमशः त्रिप्रयार, तिरुमूज़िक्कलम, कूडलमाणिक्कम और पैम्मेल में प्रतिस्थापित किया और चारों स्थानों पर बने मंदिर देश-विदेश में विख्यात हैं। वहीं पेरुवनम महादेव मंदिर की स्थापना हस्तिनापुर के राजा ययाति के पुत्र पूरु महर्षि ने की।

भगवान शिव का वडक्कुनाथन मंदिर भगवान परशुराम द्वारा स्थापित पहला मंदिर माना जाता है। उन्होंने केरल में रहने वाले राजस्थान के लोगों की भी सराहना की और कहा कि वे केरल में भी अपनी परम्परा, संस्कृति व विरासत को कायम रखते हुए धर्म व आध्यात्म की ज्योत जला रहे हैं। महाराजश्री ने कहा कि यह उनका सौभाग्य व भगवान की कृपा ही है कि उन्हें ऐतिहासिक 10वें नारायणीयम महोत्सव वैकुंठमृतम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ। आज यह महोत्सव पूरे विश्व को नई दिशा व दशा प्रदान कर रहा है। भाजपा की महामंत्री शोभा सुरेंद्र ने कहा कि श्रीमहंत नारायण गिरि जैसे सिद्ध व तपस्वी संत के शामिल होने से नारायणीयम्-महोत्सव वैकुंठमृतम्-की भव्यता व दिव्यता और भी बढ गई। महोत्सव में सुरेंद्र सिंह चम्पावत, नकल सिंह काबावत मोहन सिंह पड़ियार प्रवीण सिंह पादरू दसरथ सिंह राव सुजाराम पटेल, चांद गोपालन, विजय राज समेत हजारों भक्त शामिल रहे।

# इंफ्रास्ट्रक्चर, कारोबारी सुगमता व सुरक्षा से आया व्यापक निवेश : मुख्यमंत्री

## सीएम योगी ने गोरखपुर में किया यूपी ट्रेड शो स्वदेशी मेला का शुभारंभ






● जर्नी ऑफ सक्सैस

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि जहां इंफ्रास्ट्रक्चर, कारोबारी सुगमता (ईज ऑफ डूइंग बिजनेस) और मजबूत कानून व्यवस्था से सुरक्षा का माहौल हो तो वहां दुनिया के निवेश को आने से कोई भी नहीं रोक सकता। उत्तर प्रदेश में आज शानदार इंफ्रास्ट्रक्चर है, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस है तो यहां की कानून व्यवस्था नजीर मानी जाती है। इनके समन्वय से उत्तर प्रदेश में देश और दुनिया से व्यापक निवेश आया है। आज का उत्तर प्रदेश, देश के विकास में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। सीएम योगी शुक्रवार को गोरखपुर के चंपा देवी पार्क में आयोजित यूपी ट्रेड शो स्वदेशी मेला के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वदेशी मेला का आयोजन राज्य के हर जिले में हो रहा है। इसके पहले प्रदेश में बने उत्पादों को मंच देने के लिए 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन किया गया था। इंटरनेशनल ट्रेड शो में 2250 से अधिक उद्यमियों ने अपने उत्पादों की शो केसिंग की थी। 500 से अधिक विदेशी क्रेता यहां आए थे और इस ट्रेड शो में 11200 करोड रुपये के उत्पादों की बिक्री हुई। यह नए उत्तर प्रदेश की तस्वीर है जो बीमारू राज्य से उबरकर इसे उद्यम प्रदेश के रूप में प्रस्तुत करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब उद्यम लगेंगे तो रोजगार मिलेगा। उद्यम लगेंगे तो कनेक्टिविटी भी बेहतर होगी और उस कनेक्टिविटी की सुविधा का लाभ उद्योग ही नहीं बल्कि आम नागरिकों को भी मिलेगा। उद्यम लगेंगे तो नई तकनीकी आएगी और रोजगार के नए-नए अवसर भी सृजित होंगे। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश ने जो प्रगति की है, उससे वह बीमारू की छवि से बाहर निकलकर देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बन चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी नागरिकों से स्वदेशी वस्तुओं का ही इस्तेमाल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जब हम स्वदेशी अपनाएंगे तो कारीगरों, शिल्पियों के श्रम का सम्मान होगा। स्वदेशी से देश का पैसा देश में ही रहेगा। स्वदेशी का मुनाफा देश के निर्माण के काम आएगा। उन्होंने सचेत किया कि विदेशी वस्तुओं के खरीदने पर उसके मुनाफे का पैसा कई बार देश के खिलाफ, आतंकवाद, नक्सलवाद और अलगाववाद पर खर्च होता है। उन्होंने कहा कि जब देश का पैसा स्वदेशी के माध्यम से देश में ही खर्च होगा तो विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश और विकसित गोरखपुर का सपना भी तेजी से साकार होगा।

### आने वाले समय में उपलब्ध कराएंगे और बड़ा प्लेटफार्म

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आश्वासन दिया कि स्वदेशी उत्पादों को लेकर आने वाले समय में वह और बड़ा प्लेटफार्म उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने लोगों से स्वदेशी मेले में आने, उत्पाद क्रय करके कारीगरों के श्रम का सम्मान करने की अपील करते हुए कहा कि जीएसटी रिफॉर्म से बाजार में चहल पहल है, जो भी खरीदें, स्वदेशी खरीदें। जो भी गिफ्ट दें, स्वदेशी गिफ्ट दें। स्वदेशी मेला के शुभारंभ अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री कमलेश पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश का प्रदर्शन अभिनंदनीय है।

उत्तर प्रदेश हरेक क्षेत्र में आत्मनिर्भर होने की राह पर है। अब ब्रह्मोस मिसाइल और एके 2023 रायफल भी यूपी में बनने लगी है। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि सीएम योगी ने यूपी में सुरक्षा, कानून व्यवस्था और निवेश के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किया है। आज उत्तर प्रदेश, देश में सर्वाधिक मोबाइल उत्पादन करने वाला राज्य है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने आत्मनिर्भरता का संकल्प दिलाने के साथ स्वदेशी डिजिटल क्रांति लाने का काम किया है। केंद्रीय राज्यमंत्री श्री पासवान ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के एक जिला एक उत्पाद योजना की भी मुक्तकंठ से सराहना की। स्वदेशी मेला का उद्घाटन करने के बाद मुख्यमंत्री ने मेला परिसर में लगे स्टालों का अवलोकन किया। उन्होंने स्टालों पर बिक्री के लिए प्रदर्शित उत्पादों के बारे में जानकारी ली और उत्पादकों-विक्रेताओं को प्रोत्साहित किया। मुख्यमंत्री ने मेले में भ्रमण कर विभिन्न विभागों की तरफ से लगाई गई प्रदर्शनी का भी जायजा लिया।

### सपना था 2017 के पहले यूपी में उद्यम लगाना

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2017 के पहले उत्तर प्रदेश में उद्यम लगाना एक सपना था। तब ऐसी अराजकता थी कि लोग यूपी से भागने की फिराक में रहते थे। 2017 के बाद डबल इंजन सरकार में सुरक्षा का जबरदस्त वातावरण बना। जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई। उद्योगों से जुड़े नियमों का सरलीकरण किया गया। इस ऑफ डूइंग बिजनेस को बेहतर बनाया गया। एमएसएमई में एक हजार दिनों तक एनओसी लेने की छूट दी गई। इससे उद्यमिता का जबरदस्त माहौल बना। प्रदेश में जो एमएसएमई यूनिट्स बंद हो रही थी, उन्हें संजीवनी मिलने लगी। आज एमएसएमई सेक्टर में 96 लाख यूनिट क्रियाशील हैं और इसके जरिए दो करोड लोगों को नौकरी और रोजगार मिलना सुनिश्चित हुआ है। सीएम योगी ने कहा कि कृषि के बाद सर्वाधिक रोजगार सृजन एमएसएमई में है। यह संकट के समय में भी रोजगार देने वाला क्षेत्र है। उन्होंने बताया कि कोरोना महामारी के दौर में जब देश के अन्य राज्यों से 40 लाख श्रमिक उत्तर प्रदेश आए, तब उन्हें एमएसएमई सेक्टर का ही सहारा मिला।

### हर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का मॉडल बन रहा उत्तर प्रदेश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भरता के हर एक क्षेत्र में मॉडल बनता जा रहा है। उत्तर प्रदेश ने कानून व्यवस्था के साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में तेजी से प्रगति की है। हाईवे, रेलवे, एयरवे, इनलैंड वॉटरवे में प्रगति की लंबी छलांग लगाई है। उन्होंने कहा कि 2017 के पूर्व उत्तर प्रदेश में मात्र दो एयरपोर्ट की क्रियाशील थे जबकि आज 16 एयरपोर्ट क्रियाशील हैं। देश का सबसे बड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट नोएडा के जेवर में बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य के 6 छह शहरों में मेट्रो ट्रेन की सेवाएं मिल रही हैं। राज्य के सभी बड़े शहरों में इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जा रहा है। इस माह प्रदेश में इलेक्ट्रिक बस निर्माण के उद्यम का उद्घाटन भी होने जा रहा है। अब इलेक्ट्रिक बस उत्तर प्रदेश में भी बनेगी। इससे पर्यावरण संरक्षण तो होगा ही रोजगार भी बढ़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश का पहला इनलैंड वॉटरवे वाराणसी से हल्दिया तक उत्तर प्रदेश में है। देश का सबसे बड़ा रेल नेटवर्क उत्तर प्रदेश के पास है। देश में पहली रैपिड रेल चलाने वाला राज्य उत्तर प्रदेश है।

### आगे बढ़ाना है वोकल फॉर लोकल और लोकल फॉर ग्लोबल के अभियान को

सीएम योगी ने स्वदेशी के माध्यम से हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल और लोकल फॉर ग्लोबल के अभियान को आगे बढ़ाना है। सब लोग ठान लें तो कोई बाधा भी नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि 2017 के पहले दीपावली पर लक्ष्मी जी और गणेश जी की मूर्तियां उस चीन से आती थीं जो देवी देवताओं पर विश्वास ही नहीं करता है। आज ओडीओपी के जरिये टेराकोटा की मिट्टी की बनी मूर्तियां मार्केट में हैं। अब तो टेराकोटा को जीआई टैग भी मिल गया है। यह देश दुनिया में कहीं भी बिना किसी सवाल के बिक सकता है। सीएम ने बताया कि उत्तर प्रदेश सर्वाधिक जीआई टैग उपलब्ध कराने वाला राज्य है। उत्तर प्रदेश के औद्योगिक प्रगति की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक आइटम के निर्माण का सबसे बड़ा केंद्र बन गया है। देश में अकेले 60 प्रतिशत मोबाइल यूपी में बन रहा है।

### उद्यमियों को इंसेंटिव और युवा उद्यमियों को ऋण वितरित किया सीएम ने

स्वदेशी मेला के मंच से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश सरकार की वस्त्र नीति के तहत उद्यमियों को करोड़ों रुपये का इंसेंटिव और सीएम युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत युवा उद्यमियों को ऋण की धनराशि का वितरण किया। वस्त्र नीति के तहत उन्होंने गौरव बथवाल को 34 करोड़ 10 लाख रुपये, प्रमोद मातनहेलिया को 13 करोड़ 46 लाख, उमेश सिंह को 2 करोड़ 8 लाख और राजेश जायसवाल को 1 करोड़ 49 लाख रुपये का इंसेंटिव प्रदान किया। इसी तहत सीएम युवा उद्यमी योजना के लाभार्थियों सुनीता तिवारी, कुंदन प्रजापति, वैभव सिंह श्रीनेत, कर्मवीर सिंह और शिवम शर्मा को उद्यम लगाने के लिए ऋण धनराशि का चेक मुख्यमंत्री के हाथों प्राप्त हुआ।

### सीएम के मार्गदर्शन में उद्यमियों को मिला प्रोत्साहन, मजबूत हुआ ब्रांड यूपी : राकेश सचान

स्वदेशी मेला के उद्घाटन समारोह में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी, हथकरघा तथा वस्त्र मंत्री राकेश सचान ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में पूरे प्रदेश में स्वदेशी मेला का आयोजन किया जा रहा है। एक साथ सभी जिलों में ऐसा आयोजन करने वाला उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीन संस्करण सफलतापूर्वक आयोजित हो चुके हैं। इससे सीएम योगी के मार्गदर्शन के पूरे राज्य के उद्यमियों को प्रोत्साहन तो मिला ही, ब्रांड यूपी को भी और मजबूती मिली।

### यूपी को उत्तम प्रदेश बना दिया सीएम योगी ने : रवि किशन

सांसद रविकिशन शुक्ल ने कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि सीएम योगी ने यूपी को बीमारू राज्य की छवि से बाहर निकालकर उत्तम प्रदेश बना दिया है। आज उत्तर प्रदेश विकास के मामले में नजीर पेश कर रहा है। उनके एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना का उनका विजन साकार रूप में पूरे देश में हिट हो गया है। स्वदेशी मेला के शुभारंभ समारोह में एमएलसी एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक फतेह बहादुर सिंह, विपिन सिंह, महेंद्रपाल सिंह, डॉ. विमलेश पासवान, सरवन निषाद, प्रदीप शुक्ल, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी, महानगर संयोजक राजेश गुप्ता, कालीबाड़ी के महंत रविंद्रदास, आयुक्त एवं निदेशक उद्योग के. विजयेंद्र पांडियन आदि की भी मंच पर उपस्थिति रही।

# घबराइए मत, सबकी समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता : सीएम योगी

## जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने सुनीं 200 लोगों की समस्याएं




● जर्नी ऑफ सक्सैस

**गोरखपुर।** गुरुवार शाम गोरखपुर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास करने के बाद शुक्रवार सुबह जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने समस्या लेकर आए लोगों से आत्मीयता से सबातचीत करते हुए कहा, ह्यघबराइए मत, हर समस्या का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। हर पीड़ित की शिकायत का प्रभावी निस्तारण कराया जाएगा। यह सरकार की प्राथमिकता है ह्ल जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण व पारदर्शी निस्तारण कराएं। शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में महिलाओं की संख्या अपेक्षाकृत अधिक रही।

कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे। एक-एक कर और इत्मीनान से सबकी समस्याएं सुनीं। उन्हें आश्वस्त किया कि वह सभी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। किसी को भी घबराने या परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। कुछ लोगों द्वारा जमीन कब्जाने की शिकायत पर उन्होंने कठोर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अफसरों को यह निर्देश भी दिए कि यदि किसी प्रकरण में पीड़ित को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ा है तो इसकी भी जांच कर जवाबदेही तय की जाए। जनता दर्शन में कुछ लोग इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने उनसे कहा कि इलाज में धन की कमी बाधक नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कराकर शासन में भेजें। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से इलाज के लिए पर्याप्त राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में परिजनों के साथ बच्चों पर खूब प्यार-दुलार बरसाया।

उन्होंने इन बच्चों को चॉकलेट देकर आशीर्वाद दिया।

# सीएम योगी के स्वदेशी अभियान को नई उड़ान दे रहे स्वदेशी मेले

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर हो रहे कार्यक्रम से आत्मनिर्भर भारत को मिल रही गति

● जर्नी ऑफ सक्सैस



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विजन है कि जब स्थानीय उत्पादों को सम्मान मिलेगा, तब आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार होगा। उनकी यही सोच अब प्रदेश के हर जिले में स्वदेशी मेलों के रूप में जमीन पर उतरती दिख रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से प्रदेश के सभी जनपदों में आयोजित किए जा रहे स्वदेशी मेले न केवल स्थानीय उत्पादों को बाजार उपलब्ध करा रहे हैं, बल्कि वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को भी सशक्त बना रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्वदेशी मिशन को आगे बढ़ाते हुए, यह पहल दीपावली के अवसर पर स्थानीय कारीगरों, हस्तशिल्पियों और उद्यमियों को आर्थिक मजबूती और सामाजिक सम्मान दोनों प्रदान कर रही है। सीएम योगी आदित्यनाथ का स्पष्ट संदेश है कि स्वदेशी सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की जीवनशक्ति है। उनकी नीति है कि उत्तर प्रदेश का हर नागरिक अपने आस-पास निर्मित उत्पादों को अपनाए और राज्य को आर्थिक रूप से सशक्त, सांस्कृतिक रूप से गौरवान्वित बनाए। यह स्वदेशी मेलेह्लस्वदेशी उत्पाद अपनाएं, उत्तर प्रदेश को सशक्त बनाएंह्लके नारे को ही जीवंत बना रहे हैं।

### स्थानीय से वैश्विक पहुंच तक मिल रहा विस्तार

स्वदेशी मेले का मुख्य उद्देश्य स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देकर आर्थिक सशक्तिकरण सुनिश्चित करना है। इन मेलों में न केवल हस्तशिल्पियों और कारीगरों को बाजार मिलेगा, बल्कि उपभोक्ताओं को भी देशी उत्पादों की गुणवत्ता और विविधता का सीधा अनुभव होगा। इसके जरिए स्वदेशी उत्पादों का प्रचार-प्रसार होगा, जबकि हस्तशिल्पियों को स्थानीय स्तर पर बाजार उपलब्ध हो रहा है। यही नहीं, उत्पादकों को उपभोक्ताओं से सीधे जुड़ने का भी अवसर प्राप्त हो रहा है। वहीं, पारंपरिक कला और शिल्प को जीवित रखने के मिशन को भी बल मिल रहा है। इसके साथ ही बड़े पैमाने पर आर्थिक विकास और रोजगार सृजन भी हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी की इस पहल से जनपद स्तर पर करोड़ों रुपए का व्यापार होने की संभावना है। यूपीआईटीएस में हाल ही में इसकी झलक देखने को मिली है। इससे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को नया प्रोत्साहन मिलेगा। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में नए रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे तो वहीं स्थानीय कारीगरों की आय में वृद्धि होगी और महिला उद्यमियों को भी नई पहचान मिलेगी। इसके साथ ही, युवाओं में उद्यमशीलता की भावना को बल मिलेगा।

मेले में उपभोक्ताओं को भी विशेष लाभ मिलेगा। उन्हें जीएसटी की दरों में विशेष छूट का लाभ होगा, जबकि दीपावली ऑफर और विशेष रियायतें भी मिल रही हैं। यही नहीं, सबसे महत्वपूर्ण बात ये है कि सीधे उत्पादक से खरीदारी का अवसर प्राप्त हो रहा है, जिससे मूल्य में पारदर्शिता रहेगी। इस पहल से प्रदेश की स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी। लघु उद्योगों को प्रत्यक्ष बाजार के साथ ही निर्यात की संभावनाओं में वृद्धि होने की संभावना है। इन मेलों में उद्योग विभाग, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, माटी कला बोर्ड, हथकरघा विभाग, रेशम विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन, ओडीओपी, सीएम युवा और विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के लाभार्थियों को अपने उत्पाद प्रदर्शित करने का अवसर मिल रहा। सभी प्रतिभागियों को निःशुल्क स्टॉल उपलब्ध कराए गए हैं।

### सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण

स्वदेशी मेला सिर्फ व्यापार का मंच नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, परंपरा और कला का उत्सव भी है। इसमें हथकरघा, खादी, ग्रामोद्योग और माटी कला जैसे पारंपरिक क्षेत्रों को बढ़ावा दिया जा रहा है। साथ ही, स्थानीय सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण भी सुनिश्चित किया जा रहा है। लोकगीत, लोकनृत्य और पारंपरिक प्रदर्शनियों के माध्यम से सांस्कृतिक रंगत का प्रदर्शन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर मेलों को केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक उत्सव के रूप में भी आयोजित किया जाएगा। संस्कृति विभाग, युवक मंगल दल, नेहरू युवा केंद्र और सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से पारंपरिक नृत्य, लोकगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां मेले का आकर्षण बढ़ाएंगी।

# मुख्यमंत्री योगी ने गोरखपुर में 160 परिवारों को सौंपी फ्लैट की चाबी

● जर्नी ऑफ सक्सैस



**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में 160 परिवारों को ईडब्ल्यूएस/एलआईजी फ्लैट्स की चाबियां सौंपी। एक आधिकारिक बयान में शुक्रवार को यह जानकारी दी गई।

बयान में बताया गया कि इन परिवारों को देवरिया बाईपास रोड स्थित 'पाम पैराडाइज' आवासीय इमारत में यह फ्लैट सौंपा गया है। बयान के मुताबिक, 80 फ्लैट्स आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) और 80 निम्न आय वर्ग (एलआईजी) के लिए हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने एक कार्यक्रम में गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) की 118 करोड़ रुपये की 50 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया गया। योगी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज (शुक्रवार को) 160 परिवारों को यह दीपावली का शुभ उपहार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि एक परिवार में औसतन पांच से छह सदस्य होने पर करीब 700-800 लोग लाभान्वित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह किसी भी व्यक्ति के लिए केवल आवास नहीं बल्कि जीवन का एक महत्वपूर्ण क्षण है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इस इमारत के पास रामगढ़ ताल, चिड़ियाघर और खोराबार का बेहतरीन स्थान है, साथ ही कुछ दूरी पर सांसद रवि किशन का आवास भी है। बयान में बताया गया कि इस ऊंची ईमारत में सभी आधुनिक सुविधाएं है। योगी ने इस मौके पर कहा कि गरीब, रेहड़ी-पटरी वालों, श्रमिक, पत्रकार, अधिवक्ता, चिकित्सक, शिक्षक, और व्यापारियों हर तबके के लिए के लिए समय-समय पर विशेष योजनाएं लाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 11 वर्षों में राष्ट्रीय स्तर पर चार करोड़ गरीबों को मुफ्त आवास उपलब्ध कराए गए हैं और केवल उत्तर प्रदेश में 60 लाख से अधिक गरीबों को आवास मिल चुके हैं।

# दिवाली से पहले लगने वाले स्वदेशी मेले हस्तशिल्पियों को देंगे 1500 करोड़ का बाजार, 18 अक्तूबर तक आयोजन

● जर्नी ऑफ सक्सैस

**लखनऊ।** नौ से 18 अक्तूबर तक प्रदेश के हर जिले में लगने वाले स्वदेशी मेले दिवाली से पहले हस्तशिल्पियों को कम से कम 1500 करोड़ का बाजार देंगे। प्रत्येक जिले में लगने वाले इन मेले में छोटे हस्तशिल्पियों, महिलाओं और लघु उद्यमियों को बड़ा मंच मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को गोरखपुर से स्वदेशी मेलों का औपचारिक शुभारंभ करेंगे। सभी मंत्रियों को स्वदेशी मेले की जिम्मेदारी



दी गई है। इन मेलों का मुख्य उद्देश्य दिवाली के बाजार को चीनी उत्पादों से मुक्त करना है।

स्वदेशी मेले का उद्देश्य स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन देना, उद्योगों को बढ़ावा देना और 'वोकल फॉर लोकल' के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना है। दस दिवसीय स्वदेशी मेलों का आयोजन शहर के व्यवसायिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण और उपयुक्त स्थलों पर किया जा रहा है, ताकि आम जनता सुगमता से पहुंच सके और सक्रिय रूप से सहभागिता कर सके।

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 के अंतर्गत जनपद स्तर पर स्वदेशी मेलों के आयोजन के लिए निर्देश जारी किए गए हैं। आयोजन के दौरान जनपद के प्रभारी मंत्री समेत अन्य जनपद प्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से आमंत्रित किया गया है।

धरतीपुत्र नेताजी की पुण्यतिथि पर सपाइयों ने नमन किया

# नेताजी मुलायम सिंह यादव ने हमेशा जनहित वाले निर्णय लिये: जेपी कश्यप

● जर्नी ऑफ सक्सैस

**पुण्य तिथि**

■ **नेता जी कहते थे-सरकारें भले ही कर्जदार हो जाए, लेकिन जनता जनार्दन के हितों पर आंच नहीं आनी चाहिए**



**गाजियाबाद।** शुक्रवार को सपा के संस्थापक स्वर्गीय नेताजी मुलायम सिंह यादव की पुण्य तिथि पर सपाइयों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके साथ ही सपाइयों ने नेताजी के नीतियों को आगे बढ़ाने का भी संकल्प लिया। सपा के वरिष्ठ नेता जेपी कश्यप ने कहा कि नेताजी का कहना ता कि जो डरता नहीं है जीतता वही है। सत्ता में रहने के दौरान मुलायम सिंह यादव की समाजवादी पार्टी ने हमेशा जनता के हित में ही फैसले किए। इन निर्णयों में चुंगी व्यवस्था को खत्म करना, सेल टैक्स का सरलीकरण, इंस्पेक्टर राज समाप्त करना आदि शामिल है। उन्होंने उनकी जुड़ी एक घटना का जिक्र करते हुए बताया कि स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव जब केंद्र में रक्षा मंत्री थे, तब कैबिनेट की मीटिंग में मंत्री मुरली देवड़ा ने पेट्रोल में पदार्थ की वृद्धि का प्रस्ताव रखा, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में में बहुत बढ़ चुकी थी। सरकार की प्राथमिकता तेल के रेट बढ़ाने की थी लेकिन नेताजी ने उस वृद्धि का विरोध किया।

मुलायम सिंह यादव ने तब पूरी कैबिनेट को समझाया कि सरकारें भले ही कर्जदार हो जाए, जनता नहीं चाहिए। हमारे लिए जनता जनार्दन का हित ही सर्वोपरि होना चाहिए। इस पर तब कैबिनेट को उस समय तेल वृद्धि को रोकना पड़ा था। एक और घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि 2003 में सपा की सरकार थी। मुलायम सिंह यादव मुख्यमंत्री थे। हरिद्वार में मीटिंग हो रही थी, रमजान का माह था। इस पर वहां खाने में नॉनवेज परोस दिया गया था। हरि की पौड़ी पर आजम खान भी गए थे। तब अखबारों में यह गलत छपी कि हरि की पौड़ी पर समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक में नॉनवेज परोसा गया।

मुख्ममंत्री मुलायम सिंह यादव तक यह खबर पहुंची तो उन्होंने हंसकर कहा कि अरे कोई लिख दिया होगा। यह सब बदमाशियां ही तो करते हैं, हमारे तो पीछे ही पड़े हैं, हम तो इसे झेल ही रहे हैं। उन्होंने झूठी खबर छापने पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं करने दी थी। ऐसे थे समाजवादी विचारधारा के पुरयोद्धा चिरस्मरणीय धरतीपुत्र श्रद्धेय नेता जी।

सीडीओ की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत मनौली छज्जूपुर में कार्यक्रम

# मिशन शक्ति फेज-5 के अन्तर्गत जनता को जागरूक किया

● जर्नी ऑफ सक्सैस



**गाजियाबाद।** मुख्यमंत्री द्वारा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन की थीम सशक्त नारी समृद्ध प्रदेश के क्रम में मिशन शक्ति¬ फेज-05 के अन्तर्गत मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का ग्राम चौपाल में महिला कल्याण विभाग द्वारा उपस्थिति ग्रामवासियों को महिला एवं बाल उत्थान, विकास, कल्याण हेतु संचालित विभागीय योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। जिसमें विभाग की समस्त कल्याणकारी योजनाओं यथा निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, स्पोन्सरशिप योजना एवं विभाग द्वारा संचालित प्रमुख हेल्पलाइन यथा 1098 चाइल्ड हेल्पलाईन, 1090 महिला हेल्पलाइन, 112 पुलिस हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन तथा हिंसा से पीड़ित महिलाओं को त्वरित सहायता एवं 05 दिवस के अल्पावास की सुविधाएं आदि की विस्तृत जानकारी दी गयी। निराश्रित महिला पेंशन योजना के अन्तर्गत महिला चौपाल में 3 महिलाओं द्वारा अपनी पेंशन के संबंध में जानकारी की गयी। जिसमें 2 महिलाओं को विभाग द्वारा नियमित रूप से पेंशन जारी होना बताया गया व 1 महिला पेंशनर द्वारा अपने बैंक खाते में डीबीटी नहीं कराया जाना पाया गया। मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर महिला के बैंक खाते में ग्राम चौपाल में मौके पर डीबीटी करायी गयी। चौपाल में मुख्य विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, महिला कल्याण विभाग से संरक्षण अधिकारी, वन स्टॉप सेन्टर की टीम, पुलिस विभाग से महिला पुलिस बीट, ब्लॉक मुरादनगर से एडीओ समाज कल्याण, एडीओ पंचायत आदि उपस्थित रहें।

# डॉ अनिल अग्रवाल ने कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से की भेंट

अंतरराष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन के पदाधिकारी रहे उपस्थित



● जर्नी ऑफ सक्सैस

**गाजियाबाद।** पूर्व राज्यसभा सांसद एवं एचआरआईटी यूनिवर्सिटी गाज़ियाबाद के कुलाधिपति डॉ अनिल अग्रवाल ने कल देर रात भारत के कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से उनके दिल्ली स्थित आवास पर अंतरराष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन के पदाधिकारियों की उपस्थिति में शिष्टाचार भेंट की और आगामी कार्यक्रमों के लिए उनको आमंत्रित किया। डॉ अनिल अग्रवाल ने कानून मंत्री को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जीएसटी 2.0 के सफल उद्घोष एवं लागू होने के साथ साथ जीएसटी कानून के सरलीकरण होने पर बधाई दी। जीएसटी बचत उत्सव व गाज़ियाबाद के एमएसई, लघु उद्योगों को उससे होने वाले लाभ की चर्चा की। गाज़ियाबाद के व्यापार वर्ग की बड़ी बिक्री और कम टैक्स को लेकर प्रधानमंत्री एवं कानून मंत्री का धन्यवाद किया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, पदाधिकारी एवं खाद्य निगम सदस्य राहुल गोयल उपस्थित रहे।

# इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन ने प्राथमिक विद्यालय के जीर्णोद्धार के लिए बीएसए को सौंपा ज्ञापन

आईपीए से बीएसए ने कहा जल्दी ही होगा स्कूल का जीर्णोद्धार, कमेटी को दिए आदेश

● जर्नी ऑफ सक्सैस




**गाजियाबाद।** शुक्रवार को इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन ने गाजियाबाद की सबसे बड़ी विधानसभा के प्राथमिक विद्यालय मकनपुर 2 की जर्जर हालत के कारण धर्मशाला में पढ़ने को मजबूर लगभग 125 छात्र छात्राओं की शिक्षा पुनः विद्यालय में सुचारू रूप से कराने के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मुलाकात की। स्कूल की वास्तविक स्थिति और स्कूल के जीर्णोद्धार को लेकर यह वार्ता लगभग 30 मिनट तक चली। आईपीए की राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा त्यागी ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय मकनपुर 2 के जीर्णोद्धार और सभी बच्चों की पढ़ाई पुनः कैसे इसी विद्यालय में शुरू कराई जा सकती है, इस पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के साथ सभी बिंदुओं पर विस्तृत रूप से सकारात्मक चर्चा हुई। जिसके बाद बीएसए ओपी यादव जी ने तत्काल फोन कर स्कूल के निरीक्षण के लिए बनाई गई कमेटी के सदस्य को सोमवार को निरीक्षण करने और वास्तविक स्थिति जानने के आदेश दिए।

जिससे कि स्कूल में मरम्मत होने के खर्चे का अंदाजा लगाया जा सके और जल्दी से जल्दी स्कूल की मरम्मत करा सभी बच्चों की पढ़ाई इसी विद्यालय में सुचारू रूप से शुरू कराई जा सके। आईपीए के राष्ट्रीय संरक्षक कर्नल टीपी त्यागी ने कहा कि प्रदेश के सरकारी स्कूल बेसिक शिक्षा की रीढ़ है इसलिए इन स्कूलों का बुनियादी ढांचा इतना मजबूत होना चाहिए कि देश एवं प्रदेश का एक भी बच्चा शिक्षा के मौलिक अधिकार से वंचित ना रह पाए वहीं आईपीए के राष्ट्रीय सचिव महिपाल रावत और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनय कक्कड़ का कहना है कि जब हमने बताया कि बच्चे बिना बेंच , बिना ब्लैक बोर्ड और अन्य सुविधाओं के अभाव में एक स्थानीय धर्मशाला में पढ़ने को मजबूर है तो जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने हमें आश्वस्त किया है कि जिला प्रशासन एवं मुख्य विकास अधिकारी से वार्ता कर जितनी जल्दी संभव होगा इस स्कूल का जीर्णोद्धार करा सभी बच्चों की पढ़ाई की व्यवस्था इसी स्कूल में संचालित कराई जाएंगी और किसी भी बच्चे की पढ़ाई बाधित नहीं होने दी जाएगी। आईपीए की टीम जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा बच्चो की शिक्षा से जुड़े अतिमहत्वपूर्ण विषय का संज्ञान लेने और अतिशीघ्र समाधान का आश्वाशन देने के लिए धन्यवाद करती है और उम्मीद है कि जल्दी ही मकनपुर क्षेत्र के बच्चों को अपने ही विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने का अवसर मिल जाएगा और उन्हें धर्मशाला के फर्श पर बैठकर नहीं पढ़ना पड़ेगा।

# पैदल जा रही महिला के गले से बाइक सवार ने चेन छीनी

● जर्नी ऑफ सक्सैस



**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में बाइक सवार बदमाश ने पैदल घर लौट रही महिला के गले से चेन छीन ली। वारदात के दौरान महिला बेटे को स्कूल छोडकर घर लौट रही थी। बताया जाता है कि घटना की शिकार महिला एक एयरलाईंस के पायलट की पत्नी है। महिला ने वारदात की सूचना पुलिस को दी। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी है।

वसुंधरा सेक्टर 18 की गार्डेनिया गीतांजलि सोसाइटी में रहने वाली आभा सिंह ने पुलिस से घटना की शिकायत की है। आभा सिंह ने घटना के संबंध में पुलिस को बताया कि वह छह अक्तूबर की सुबह अपने बेटे को स्कूल छोड़ने गई थीं। बेटे को छोड़ने के बाद वह पैदल ही घर की ओर आ रही थीं। इस दौरान सेक्टर 16 में अग्रसेन रोड पर बाइक सवार बदमाश ने उनसे चेन छीन ली और फरार हो गया।

उन्होंने बाइक का पीछा भी किया लेकिन बदमाश तेजी से भाग निकला। इंदिरापुरम पुलिस का कहना है कि महिला की शिकायत पर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। वारदात को अंजाम देने वाले बदमाशों की तलाश के लिए घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी जा रही है। जल्द ही बदमाशों को गिरफ्तार कर वारदात का खुलासा किया जाएगा।

जगजीत सिंह डल्लेवाल की अध्यक्षता में चंडीगढ़ में हुई बैठक

# संयुक्त किसान मोर्चा 15 अक्टूबर को देश भर में जिला मुख्यालयों पर धरना देगा

● जर्नी ऑफ सक्सैस



**चंडीगढ।** संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) की बैठक शुक्रवार को चंडीगढ़ के किसान भवन में हुई, जिसकी अध्यक्षता किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की। इस बैठक में संयुक्त किसान मोर्चा ने 15 अक्टूबर को देश भर में सभी जिला मुख्यालयों पर धरना देने का निर्णय लिया गया। किसान नेताओं ने कहा कि बाढ़ की वजह से खराब हुई फसलों के मुआवजे के लिए, धान, बाजरा, मूंग एवं नरमा की एमएसपी पर खरीद करवाने के लिए, पराली की व्यवस्था करने के लिए किसानों को सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार 100 रुपये/क्विंटल का बोनस देने एवं बेलर, चॉपर सहित अन्य मशीनें उपलब्ध करवाने की मांग को लेकर 15 अक्टूबर को देश भर में जिला मुख्यालयों पर धरना दिया जाएगा। किसान नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार ने संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) को बातचीत के लिए 25 अगस्त को पत्र दिया था, लेकिन अभी तक मीटिंग का समय नहीं दिया गया। वहीं दूसरी तरफ सतनाम सिंह बेहरु सहित तमाम किसान नेताओं को किसान आंदोलन के दौरान दर्ज किए गए मुकदमों के नोटिस भेजे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नवम्बर में संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) का राष्ट्रीय सम्मेलन उत्तर प्रदेश में आयोजित किया जाएगा। इस बैठक में सतनाम सिंह बेहरु, राजबीर सिंह गाजियाबाद, होशियार सिंह गिल, जरनैल सिंह चहल, रघुबीर सिंह पंघाला, संदीप सिंह, अमरजीत राडा, हरसुलिन्दर सिंह, सतनाम सिंह बागड़िया, शेरा सिंह अटवाल, सोनू सिंह औलख, अंकित चौधरी, हर्षदीप सिंह गिल, अभिमन्यु कोहाड़ आदि ने भाग लिया।

# गाजियाबाद में हुई प्रेमनाथ पुरी फाउंडेशन की स्थापना

काव्य संध्या में दो दर्जन कवियों ने किया मनमोहक काव्य पाठ



● जर्नी ऑफ सक्सैस

**गाजियाबाद।** प्रेमनाथ पुरी फाउंडेशन की स्थापना के अवसर पर न्यू कविनगर में आयोजित काव्य संध्या में गाजियाबाद, दिल्ली और अन्य शहरों से आए दो दर्जन कवि और शायरों ने अपनी शानदार प्रस्तुतिय से वातावरण को मनमोहक बना दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त शायर मंगल नसीम ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. योगेंद्र दत्त शर्मा उपस्थित रहे। संचालन कवि एवं अभिनेता किशोर श्रीवास्तव ने किया। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. लक्ष्मी शंकर बाजपेई, डॉ. अशोक मधुप, प्रमोद कुश ह्यतन्हाह्ल, डी.आई.जी. डॉ. वी.के. शेखर, डॉ. चेतन आनंद, सुभाष चंदर, विपिन जैन, ममता किरण सहित कई प्रतिष्ठित रचनाकारों ने अपनी भावपूर्ण रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम की शुरूआत एंजेल गांधी की वाणी वंदना से हुई। संस्थापक डॉ. तूलिका सेठ ने अपने बाबा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए फाउंडेशन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। हिंदुस्तानी भाषा अकादमी के अध्यक्ष सुधाकर पाठक ने अपने प्रेरक वक्तव्य से समारोह की गरिमा बढ़ाई। समारोह में सभी अतिथियों को सम्मानित किया गया। जन्मदिन के अवसर पर डॉ. तूलिका सेठ ने केक काटकर प्यार की रेसिपी से तैयार व्यंजनों का सभी को स्वाद चखाया। सभी कवियों को अंगवस्त्र, मोतियों की माला, श्रीफल आदि देकर सम्मानित किया गया।

# सीजेआई पर जूता फेंकने के विरोध में वकीलों ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

● जर्नी ऑफ सक्सैस



**गाजियाबाद।** शुक्रवार को ऑल इंडिया डॉ.अम्बेडकर अधिवक्ता कौंसिल के बैनर तले अधिवक्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। यह ज्ञापन सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंकने की घटना के विरोध में दिया गया है। अधिवक्ताओं ने सीजेआई पर जूता फेंकने के कृत्य को भारतीय संविधान पर हमला बताया है। राष्ट्रपति को भेजे ज्ञापन में कहा कि छह अक्टूबर को जिस तरह से सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के न्याय कक्ष में जूता फेंककर मारने की कोशिश की, यह सीधे- सीधे भारतीय संविधान पर हमला माना जाना चाहिए। इस मामले में अभी तक आरोपी अधिवक्ता के विरूद्ध कोई न्यायिक कार्रवाई न होना भी हैरान करता है। गाजियाबाद के अधिवक्ताओं ने राष्ट्रपति से इस प्रकरण में कठोर कार्रवाई किये जाने की मांग की है। जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपने में मुख्य रुप से वरिष्ठ अधिवक्ता नाहर सिंह यादव, अमर सिंह भारती, रतन सिंह, साधना, ललित शर्मा, जयवीर सिंह, सूरजमल, सुशील, रियाज अली आदि वकील थे।

# रोटरी क्लब ऑफ गाज़ियाबाद अनंत एवं जीएलए विश्वविद्यालय ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

● जर्नी ऑफ सक्सैस





**गाजियाबाद।** रोटरी क्लब ऑफ गाज़ियाबाद अनंत ने जीएलए विश्वविद्यालय मथुरा के सहयोग से एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया। यह आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में अत्यंत उत्साह और प्रेरणा से संपन्न हुआ। शिविर का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपतिप्रो. अनूप कुमार गुप्ता एवं मुख्य वित्त अधिकारी डॉ. विवेक अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ गाज़ियाबाद अनंत के अध्यक्ष रो सुनील जैन, सचिव रो अंजुल गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष रो विनीत जैन, रो संदीप सिंघल मीडिया प्रभारी के साथ क्लब के सदस्य एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी की टीम उपस्थित रही।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। मानवता की सेवा के प्रति अदम्य उत्साह प्रदर्शित करते हुए लगभग 252 यूनिट रक्त का सफलतापूर्वक संग्रहण किया गया। रोटरी क्लब ऑफ गाज़ियाबाद अनंत के अध्यक्ष रो सुनील जैन ने बताया कि सभी रक्तदाताओं के रक्त की थैलेसीमिया जांच की जाएगी, और रिपोर्ट ई-मेल के माध्यम से उन्हें भेजी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं में सेवा, संवेदना और समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावनाको सशक्त बनाते हैं। शिविर के दौरान विश्वविद्यालय प्रशासन, रोटरी टीम, चिकित्सा विभाग और रेड क्रॉस सोसायटी के संयुक्त सहयोग से सेवा, सहयोग और समर्पण का अद्भुत वातावरण बना रहा। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि जब शिक्षा और सेवा एक साथ चलती हैं, तब समाज में सकारात्मक परिवर्तन अनिवार्य होता है।

# मेवाड़ में साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

पुलिस अधिकारियों ने दिये विद्यार्थियों को साइबर अपराध से बचने के टिप्स

● जर्नी ऑफ सक्सैस



**गाजियाबाद।** वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के विद्यार्थियों को पुलिस अधिकारियों ने साइबर अपराध से बचने के महत्वपूर्ण टिप्स दिये। विवेकानंद सभागार में आयोजित कार्यक्रम में गाजियाबाद पुलिस विभाग के साइबर सेल अधिकारियों ने छात्रों को ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया अपराध और डिजिटल सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं। साइबर एक्सपर्ट कांस्टेबल रमन मलिक ने कहा कि डिजिटल युग में युवा वर्ग सबसे अधिक इंटरनेट का उपयोग करता है, इसलिए उन्हें साइबर सुरक्षा की जानकारी होना अनिवार्य है। साइबर सेल, गाजियाबाद के दरोगा सचिन चहल ने छात्रों को वास्तविक घटनाओं के उदाहरणों से अवगत कराया और बताया कि कैसे लोग फिशिंग, ओटीपी धोखाधड़ी, फर्जी लिंक और सोशल मीडिया हैकिंग का शिकार बनते हैं। उन्होंने सुरक्षित पासवर्ड रखने, अजनबियों से ऑनलाइन संवाद न करने तथा संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करने की सलाह दी। पुलिस इंस्पेक्टर लाल बाबू मिश्रा ने बताया कि साइबर अपराध की शिकायतें तुरंत साइबर क्राइम डॉट जीओवी डॉट इन पोर्टल पर दर्ज कराई जा सकती हैं। छात्रों ने सत्र के दौरान अनेक प्रश्न पूछे, जिनका अधिकारियों ने विस्तारपूर्वक उत्तर दिया। कार्यक्रम के अंत में संस्थान की निदेशक डॉ. अलका अग्रवाल ने पुलिस अधिकारियों को गुलदस्ते और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।